


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 16 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-8 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-018 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### बस ट्रक की टक्कर में चालक की मौत, 20 घायल

**अनुगुल, 16 अप्रैल.** आज सुबह ओडिशा के अनुगुल जिले में जारापाड़ा स्क्वायर के पास एनएच-55 पर एक बस के डंपर ट्रक से टकरा जाने से बस चालक की मौत हो गई, जबकि 20 यात्री घायल हो गए। रिपोर्टों से पता चलता है कि छत्तीसगढ़ के कोरबा से 30 यात्रियों को पुरी ले जा रही बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई, जिससे चालक की तत्काल मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया।घायलों को अनुगुल के जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बताई गई है।

### बस ओवरब्रिज से गिरी, 5 की मौत; कई गंभीर रूप से घायल

**भुवनेश्वर, 16 अप्रैल।** ओडिशा के जाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सोमवार शाम एक बस के ओवरब्रिज से गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 55 यात्रियों को ले जा रही बस पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया जा रही थी। बस के चालक ने कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया और वाहन रसूलपुर क्षेत्र में रात करीब 8 बजे जाजपुर के बाराबती चौक के पास ओवरब्रिज से नीचे गिर गया। सूचना मिलने पर रसूलपुर और चंडीखोल फायर स्टेशनों से अग्निशमन सेवा कर्मी तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ितों को बचाया। दमकल कर्मियों ने गैस कटर की मदद से घायलों को बस से निकाला। बचाव अभियान में 16 एम्बुलेंस और क्रेन का इस्तेमाल किया गया। जाजपुर के पुलिस अधीक्षक, डॉक्टरों की एक टीम और अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी भी बचाव कार्यों की निगरानी के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंचे। लगभग 40 घायल यात्रियों को धर्मशाला के नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया। इस बीच, 10 से अधिक यात्रियों को उन्नत उपचार के लिए एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने इस दुखद हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को 3-3 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार घायलों के इलाज का सारा खर्च वहन करेगी।

### वानी राव का कांग्रेस पर सनसनीखेज आरोप

**बिलासपुर, 16 अप्रैल.** बिलासपुर की पूर्व महापौर वानी राव ने कांग्रेस पर कई सनसनीखेज आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में महिलाओं का सम्मान नहीं किया जाता है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी में नारियों का सम्मान किया जाता है. जो नारी का सम्मान नहीं कर सकता, वो लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज नहीं कर सकता.

वानी राव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि मैं कांग्रेस में महापौर के पद में थी, और वहां से मैं भाजपा में आई. कांग्रेस में कहीं ना कहीं मुझे अपमानजनक स्थिति से गुजरना पड़ा. पिछले कई साल से वहां घुटन महसूस कर रहे थे. जो माहौल छत्तीसगढ़ का होना था, वो पूरी तरीके से तबाह हो गया था. कांग्रेस में हमें ऊपर से सिर्फ़ यही कहा जाता था कि छत्तीसगढ़िया हित की बात कहीं नहीं हुई.


महिलाओं का तो कोई भी योजनाओं के माध्यम से सम्मान नहीं हुआ. पिक एंड चूस हुआ, जिसमें कुछ लोगों को लाभ मिला होगा. जो स्व-सहायता समूहों से रेडी-टू-ईट छीन सकते हैं, वो महिलाओं के बारे में क्या सोचेंगे. महिलाओं के उत्पादों को बाजार देने की बात हो रही थी. सी मार्ट में देखिए ना, क्या मिल रहे है रेट्स, और उसमे बिचौलिये जिस तरीके से हावी थे. समूहों से जाकर बात करने पर पता चलता है कि महिलाएं जहां की तहां हैं.

# सुप्रीम कोर्ट में बाबा रामदेव ने फिर मांगी माफी

## हमें कानून का ज्ञान कम, कोर्ट ने कहा- आप इतने भी मासूम नहीं

**नई दिल्ली, 16 अप्रैल.** सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को पतंजलि के औषधीय उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों के मामले में पतंजलि आयुर्वेद, बाबा रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अवमानना मामले की सुनवाई हो रही है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की दो जजों की बेंच आज सुनवाई की अध्यक्षता की। बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि ये आप भी जानते हैं हम भी जानते हैं कि आपने जो शुरू किया है वो कारोबार है। सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव से कहा कि योग के लिए जो आपने किया है उसका सम्मान करते हैं। नेटवर्क प्रॉब्लम है ये मत समझिएगा कि ये हमारी तरफ से सेंपरशिप है।

पतंजलि भ्रामक विज्ञापन मामले में आज मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज फिर योग गुरु बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक बालकृष्ण को लताड़ लगाई। कोर्ट में बाबा रामदेव एक बार फिर से माफी मांगी। वहीं कहा कि हमें कानून का ज्ञान कम है। उत्साह में हमसे लगती हो गई। हम सार्वजनिक माफी मांगने के



लिए तैयार हैं। वहीं इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप इतने भी मासूम नहीं हैं। आपको हर कानून की जानकारी है। मामले की सुनवाई जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानुल्लाह की बेंच ने की। 10 अप्रैल को, सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण की बिना शर्त माफी को खारिज कर दिया, यह कहते हुएकि उनके कार्य शीर्ष अदालत के आदेशों का जानबूझकर, जानबूझकर और बार-बार उल्लंघन थे। पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफयाचिका इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने दायर की है। 10 अप्रैल को सुनवाई के दौरान, जस्टिस कोहली और अमानुल्लाह की उसी पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद को कड़ी फटकार लगाई और अदालत की अवमानना की कार्यवाही को हल्के में लेने के लिए इसकी आलोचना की। कोर्ट ने कहा था कि वह 'हलफनामे में कही गई किसी भी बात से संतुष्ट नहीं है। शीर्ष अदालत ने पतंजलि उत्पादों के लिए लाइसेंस प्रदान करने के लिए उत्तराखंड सरकार को भी फटकार लगाई और राज्य के लाइसेंसिंग प्राधिकरण से पूछा, क्या आप जो कर रहे हैं उसे करने की हिम्मत है? आप एक डाकघर की तरह काम कर रहे हैं। न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा कि हमें अधिकारियों के लिए 'बोनाफाइड' शब्द के इस्तेमाल पर कड़ी आपत्ति है। हम इसे हल्के में नहीं लेंगे।



रायपुर के देवी मंदिरों अष्टमी पर हवन पूजन का आयोजन किया गया

# अफवाहें फैलाकर राजनीति कर रहा विपक्ष : मोदी

**पटना, 16 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत और बिहार अपने प्राचीन गौरव की ओर लौटने के लिए आगे बढ़ रहे हैं और आगामी लोकसभा चुनाव विकसित भारत और विकसित बिहार का संकल्प लेने का चुनाव है। बिहार के गया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोद ने कहा कि गया की धरती पर जो जनसमर्थन उमड़ा है, उससे साफ पता चलता है कि एक बार फिर मोदी सरकार के प्रति उनका उत्साह है।

लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी के घोषणापत्र पर बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह पहली बार है कि किसी पार्टी के 'संकल्प पत्र' को गारंटी कार्ड कहा जा रहा है क्योंकि पिछले 10 वर्षों में लोगों ने मोदी की गारंटी को पूरा होते देखा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल के लिए मोदी का 'गारंटी कार्ड' अपडेट कर दिया गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाए जाएंगे, गरीबों को अगले पांच साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, 70 साल से अधिक उम्र वालों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज मिलेगा, पीएम-किसान सम्मान निधि जारी रहेगी। ये सब मोदी की गारंटी है।

मोदी ने कहा कि ये चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के उसी संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर उमड़ा ये जनसैलाब, ये अपार जनसमर्थन साफ बता रहा है - फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने लोगों से कहा कि आपके आशीर्वाद से मुझे सेवा करने का अवसर मिला है। मोदी को देश के संविधान ने ये पद दिया है। डॉ. राजेंद्र बाबू और बाबा साहेब अंबेडकर का दिया हुआ ये संविधान न होता, तो कभी ऐसे पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था। उन्होंने कहा कि हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। हर प्रकार की मत-मान्यता और पथ सम्प्रदाय वाला देश है। ऐसे में देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए, नियमों के अंतर्गत आगे बढाने के लिए एक ही पवित्र व्यवस्था हमारा संविधान है। उन्होने कहा कि संविधान निर्माताओं का सपना था कि भारत समृद्ध बने। लेकिन दशकों तक देश पर राज करने वाली कांग्रेस ने मौका गंवा दिया, देश का समय गंवा दिया। उन्होंने कहा कि 25 करोड़ देशवासियों को आपके इस सेवक ने गरीबी से बाहर निकाला है। दशकों तक गरीबों को रोटी, मकान के सपनें दिखाए कांग्रेस और उनके साथियों ने। लेकिन, 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए एनडीए सरकार ने। प्रधानमंत्री ने कहा कि दलित, वंचित और पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा। दलितों वंचितों और पिछड़ों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अब अगले 5 वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए



3 करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, ये मोदी की गारंटी है। गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, ये मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, ये मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीते 10 साल में देश में एक ऐसी क्रांति आई है, जिसकी उतनी चर्चा नहीं होती। ये क्रांति देश के महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा की गई है। पिछले 10 साल में 10 करोड़ महिलाएं स्वतह्य से जुड़ी हैं, बिहार में ही सवा करोड़ बहनें इन समूहों से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तो महिला स्वयं सहायता समूहों को 150 करोड़ रुपये से भी कम मदद दी जाती थी। एनडीए सरकार के 10 साल में इन्हीं महिला समूहों को 40 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा दिए गए हैं। मोदी ने साफ तौर पर कहा कि बिहार के लोग जानते हैं कि ये चुनाव दल का नहीं, देश का चुनाव है।

आज एक ओर देश की संस्कृति और गर्व करने वाले हम लोग हैं और दूसरी ओर हमारी आस्था को नीचा दिखाने वाले लोग हैं।

विपक्ष पर वार करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस के युवराज तो खुलेआम कहते हैं कि, वो हिन्दू धर्म की शक्ति का विनाश कर देंगे। इनके दूसरे साथी हमारे सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया अलायंस के पास न कोई विजन है, न कोई विश्वास है। ये लोग जब वोट मांगने जाते हैं, तो भी नीतीश जी के कामों पर वोट मांगते हैं। ये लोग क्यों नीतीश जी और केंद्र सरकार के कामों का क्रेडिट खाते हैं, वो पूरा बिहार जानता है। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने भी इतने वर्षों तक बिहार पर राज किया है। लेकिन इनकी हिम्मत नहीं है कि अपनी सरकारों ने क्या काम किए, उसकी चर्चा कर लें। अपना हमला जारी रखते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज का सबसे बड़ा चेहरा राजद है। बिहार में भ्रष्टाचार का दूसरा नाम राजद है। बिहार की बर्बादी की सबसे बड़ी गुनाहगार राजद है। मोदी ने कहा कि आरजेडी ने बिहार को केवल दो ही चीजें दी हैं- जंगलराज, और भ्रष्टाचार ! इन्हीं का दौर था.

# बड़े नेताओं के घर में भी हो रहा है बिखराव : साय

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 16 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की मौजूदा स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस बिखराव की स्थिति में है. कल दुर्ग में भूपेश बघेल की भाभी सीमा बघेल ने बीजेपी में प्रवेश किया. आज कांग्रेस की स्थिति है कि बड़े नेताओं के घर में भी बिखराव हो रहा है.

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी राधेश्याम रतिया के नामांकन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा की. उन्होंने कांग्रेस के बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी देवेंद्र यादव को लठैत कहे जाने पर कांग्रेस के यादव समाज का अपमान बताए जाने पर कहा कि यह गलत आरोप है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है. पहले भी मेरे कुछ बयान को तोड़मरोड़कर पेश किया गया था. मैंने यादव समाज को नहीं, देवेंद्र यादव को लठैत कहा था. देवेंद्र यादव ने अपने एक बयान में कहा था कि जरूरत पड़ेगा तो लठ भी उठा लेंगे, इसी का जवाब मैंने मजाक में दिया था. वहीं कांग्रेस द्वारा महिलाओं से महालक्ष्मी



गारंटी योजना के 35 लाख फार्म भरवाये जाने पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसका कोई असर नहीं होने वाला है. कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है.

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा और कांग्रेस के बीच जारी कार्टून वार पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मोदी जी की मर्जी कहां चलती हैं. वह संकल्प पत्र बनाए हैं. जिससे पूरे देश भर से सबका सुझाव मंगाया है. ऑनलाइन मंगाया है. सबको मिला-जुला के मोदी की गारंटी 2024 और संकल्प पत्र बना

# हाईकोर्ट ने राइस स्कैम में एसीबी और ईडी को दिया नोटिस

**बिलासपुर, 16 अप्रैल.** मार्कफेड के चावल घोटाले पर ईडी की ओर से दर्ज ईसीआईआर तथा ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी में दर्ज एफ़आइआर को चुनौती देते हुए याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई है। जस्टिस पी पी शर्मा ने याचिका की सुनवाई करते हुए ईडी और एसीबी को जवाब पेश करने नोटिस जारी किया है।ईडी और एसीबी की कार्यवाही के विरुध्द यह याचिका मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी ने दायर की है। याचिका में ईडी की ईसीआईआर को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि, ईडी की ईसीआईआर को विधिक अधिकारिता नहीं है। आयकर विभाग की ओर से रायपुर कोर्ट में पेश परिवाद के आधार पर ईडी ने यह ईसीआईआर क़ायम की। लेकिन जब ईडी ने यह ईसीआईआर क़ायम किया उस तारीख़ तक आयकर विभाग का परिवाद पंजीबद्ध नहीं था। याचिका में एसीबी की एफ़आइआर को भी चुनौती दी गई है।

याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि, ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी ने एफ़आइआर दर्ज किया। ईडी ने धारा 66 के तहत सूचना शेयर की, जिस पर एफ़आइआर दर्ज की गई। लेकिन 17 ए के तहत कार्यवाही के पहले प्रीलमिरी इंक्वायरी करना अनिवार्य है जो कि नहीं की गई है। ईडी की ईसीआईआर खुद में विधिक अधिकारिता नहीं रखती इसलिए ईडी के प्रतिवेदन पर एसीबी में दर्ज एफ़आइआर भी विधिक अधिकारिता नहीं रखती।

इस याचिका की सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने याचिका को लेकर कोर्ट से कहा -एक याचिका में को माँग नहीं की जा सकती है, इसलिए याचिका चलने योग्य नहीं है। जस्टिस पी पी साहू ने इस याचिका की सुनवाई करते हुए ईडी और एसीबी को जवाब के लिए नोटिस जारी किया है।हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को कर सकती है।

### 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**दंतेवाड़ा, 16 अप्रैल।** सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई से नक्सली खेमे में हड़कंप मचा हुआ है। दंतेवाड़ा में एक या दो नहीं, बल्कि 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया, जिसे देखकर सुरक्षाबलों के भी होश फाख्ता हो गए। एक पल के लिए उन्हें लगा कि जैसे यह कोई चमत्कार हो रहा है, लेकिन यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि सच्चाई है।सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक इनामी नक्सली भी शामिल था। उस पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने सुरक्षाबलों की कार्रवाई के विरोध में 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया था।

# धूमधाम से मनाया जाएगा प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव : मनीष

भिलाई, 16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा निरंतर 39वें वर्ष 17 अप्रैल को श्रीरामनवमी का भव्य आयोजन किया जा रहा है ।आयोजन में भिलाईवासियों की सहभागिता के लिए समिति द्वारा लगातार दूसरे वर्ष एक मुट्ठी दान- श्रीराम के नाम अभियान चलाया गया, जिसमें 100 क्विंटल से अधिक अन्न संग्रहित किया गया। इस संग्रहित अन्न से महप्रसाद बनाया जाएगा, समिति के सदस्यों द्वारा दुर्ग जिले के विभिन्न प्रखण्डों में घर-घर पहुंचकर लोगों को इस भव्य आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विशेष अतिथि समिति के संरक्षक प्रेमप्रकाश पाण्डेय व मुख्य वक्ता के रूप में बाल योगेश्वर राम बालकदास महात्यागी, श्री पाटेश्वर धाम उपस्थित रहेंगे। श्रीराम जन्मोत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने पत्रवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि विगत 4 दशकों से निरंतर चला आ रहा यह आयोजन आज मध्य भारत का सबसे बड़ा धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है, जिसमें लगभग 1150 से अधिक मठ-मंदिरों से ध्वजवाहक शोभायात्रा में शामिल होते हैं। पाण्डेय ने बताया कि जिस श्रीराम मंदिर निर्माण आंदोलन से प्रेरित होकर समिति की नींव रखी गई थी, वह संकल्प, वह स्वप्न भी इस वर्ष 22 जनवरी को पूर्ण हो चुका है। यह हम सभी सनातनियों और समिति के लिए गौरव का विषय है। 500 वर्षों के बाद




यह सौभाग्य हम सभी को प्राप्त हुआ जब श्रीरामलला अपने धाम में विराजमान हो गये हैं, और उनका जन्मोत्सव मनाया जा रहा है, निश्चित ही यह हम सबके खास अवसर है। पाण्डेय ने बताया कि इस अभियान में विगत 1 अप्रैल से अब तक जिले के सभी प्रखण्डों से अन्न संग्रहण किया जा चुका है, जिसमें अब तक 100 क्विंटल से अधिक अन्न संग्रहित किया जा चुका है। इस अन्न से श्रीरामनवमी के शुभ अवसर पर महाप्रसाद बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में भिलाईवासियों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता दी है, वह अभूतपूर्व है। 17 अप्रैल को होने वाले मध्य भारत के इस सबसे बड़े धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण पर हैं। आयोजन संबंधी सारी तैयारियों के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया था। वहीं समिति के मुख्य शाखा, महिला शाखा और युवा शाखा द्वारा लगातार अपने - अपने प्रखण्डों में आमजनों को इस आयोजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। इस वर्ष सभी 12 प्रखण्डों से शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसके लिए रूट का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है। यह सभी शोभायात्रा तय रूट से होते हुए रामलीला मैदान पावर हाउस पहुंचेंगी। पत्रवार्ता के दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, जिलाध्यक्ष मदन सेन, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय, जिला महामंत्री जोगिंदर शर्मा आदि उपस्थित थे।

# कहां है कांग्रेस का राजनीतिक वजूद ?: गृहमंत्री

रायपुर, 16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़

कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सवाल उठाए हैं. उन्होंने कहा कि इसके पहले उनके आगमन पर कांग्रेस वालों ने जनता के पैसों से गुलाब के फूल बिछाए थे. फिर गुलाब की उन पंखुड़ियों से गुलकंद बना लिया था. अब एक बार फिर ऐसा ही कुछ करने वाले होंगे. सवाल यह है कि कांग्रेस का राजनीतिक अस्तित्व और वजूद कहां है? क्या कहकर प्रचार करेंगे यह देखने का विषय होगा. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से अनेक विषयों पर चर्चा की. छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और बीजेपी के बीच कार्टून वार पर उन्होंने कहा कि मोदी की मर्जी नहीं, सबका साथ, सबका विकास नारा है. राहुल गांधी बताएं आखिर वे क्या चाहते हैं. समाज में संघर्ष उत्पन्न हो, ऐसा राहुल गांधी चाहते हैं. कांग्रेस हमेशा अपने विचारों को समाज पर थोपती रही है. राहुल गांधी की बातों पर अब लोग विश्वास नहीं करते हैं.



बस्तर में तीन दिनों बाद होने वाले मतदान को लेकर विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर इस बार बदला हुआ है. हर चुनाव से पहले नक्सली घटना किया करते थे, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ है. चुनौतियों की बीच भाजपा के कार्यकर्ता लोगों तक जा रहे हैं. वहीं अमित शाह के 3 साल में नक्सलवाद खत्म करने के वादे पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विषय को लेकर लक्ष्य बांधकर चलना पड़ता है. बहुत सारे लोग मुख्यधारा में लौट रहे हैं. बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के साथ फिर सामने आएंगे, चर्चा अनुबंधों का रास्ता भी अपनाएंगे. जो मुख्यधारा में वापस आना चाहें, उनका स्वागत है. हमारी सरकार नक्सलवाद रोकने हर जरूरी कदम उठाएगी.

### डिवाइडर से टकराई कार, एक की मौत

**अभनपुर ।** पुराना धमतरी रोड में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है । खोरपा और कोलर में बीच डिवाइडर से टकराई कार हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर हुई मौत एक गम्भीर रूप से घायल हुआ है । 112 की टीम ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया है, बताया जा रहा है घायल और मृतक दोनों रायपुर के निवासी है ।

# सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, 16 अप्रैल.** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बीते कुछ दिनों से चर्चा में बने हुए है। रविवार को दो हमलावरों ने सलमान खान के घर के बाहर गोलियां चलाई थी और कई राउंड फायरिंग की थी। इस मामले में दो लोगों को गुजरात से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस मामले की पड़ताल में मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम जुटी हुई थी। इस मामले में ही क्राइम ब्रांच को बड़ी सफलता मिली है। गुजरात के भुज से गोली चलाने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों आरोपियों ने सलमान खान के घर यानी गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर कई राउंड गोलियां चलाई थी। गुजरात के कच्छ पश्चिम से विक्की गुप्ता और सागर पाल को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में कच्छ-पश्चिम के उप महानिरीक्षक महेंद्र बागड़िया ने बताया कि बिहार के रहने वाले विक्की गुप्ता (24) और सागर पाल (21) को सोमवार देर रात गुजरात के कच्छ जिले के माता नो माध गांव से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि तकनीकी निगरानी के आधार पर कच्छ-पश्चिम और मुंबई पुलिस के संयुक्त दल ने



आरोपियों को गिरफ्तार किया। बागड़िया ने बताया कि आरोपियों को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया क्योंकि शिकायत वहां दर्ज है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया कि पाल और गुप्ता दोनों को जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह ने सलमान के घर पर गोलीबारी करने के लिए कहा था। बागड़िया ने बताया कि जब पाल ने गोलीबारी की, तो गुप्ता गिरोह के सदस्यों के संपर्क में था। गौरतलब है कि 14 अप्रैल की सुबह पांच बजे सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने गोलीबारी की और फरार हो गए। आरोपियों ने तीन राउंड की फायरिंग की थी। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया था कि आरोपियों ने नवी मुंबई के पनवेल में एक महीने के लिए एक घर किराए पर लिया था, जहां अभिनेता का फार्महाउस है। अधिकारी ने बताया था कि पुलिस ने गोलीबारी की घटना की जांच के तहत सोमवार को नवी मुंबई के तीन लोगों से पूछताछ की थी।

# देश के संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रहे भाजपा-आरएसएस : राहुल गांधी

**वायनाड, 16 अप्रैल.** राहुल गांधी ने वायनाड में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 का एकमात्र बड़ा मुद्दा यह है कि आरएसएस और भाजपा संविधान को खत्म करने के कथित तौर पर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के 5-6 बड़े अमीर उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं, उनका काम वास्तविक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी भारत में किसानों के मुद्दों, बेरोजगारी और महंगाई पर बात नहीं करते। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री बस देश के अमीर लोगों का बचाव और उनके बैंक कर्जों को माफकरते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस चुनाव में एक बड़ा मुद्दा हैः आरएसएस और भाजपा भारत के संविधान को नष्ट करने और इसे बदलने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि यूडीएफ कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के पांच या छह सबसे बड़े और सबसे अमीर लोगों के साधन हैं। उनका काम लोगों को देश के वास्तविक मुद्दों, जैसे मुद्रास्फीति और बेरोजगारी से ध्यान भटकाना है।

## एक नजर

### छापे के बाद हुआ सट्टा का खुलासा

**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र वीआईपी कैफे में पुलिस ने छापा मारा तथा हुक्का पिलाने वाले दो युवकों को पकड़ा तो बड़ा खुलासा हुआ दबिश के दौरान पुलिस ने ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप से जुड़े सिम, चेकबुक 1, लैपटॉप व मोबाइल जब्त की। इस मामले में तीन और भी लोग हैं सट्टा संचालन करने वाला, अंबिकापुर के बैंक स्टाफ और आकाशगंगा दुकान से सिम उपलब्ध कराने वाला भी शमिल है पुलिस इनकी तलाश कर रही है इनके पकड़े जाने के बाद बड़ा खुलासा होने की संभावना है शहर एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 13 अप्रैल की रात 9.45 बजे मुखबीर से अवैध हुक्का पिलाने की सूचना मिलने पर सुपेला पुलिस ने वीआईपी कैफे जीई रोड सुपेला में दबिश दी मौके पर प्रांशु गुप्ता (22 वर्ष) व रिषभ गुप्ता (26 वर्ष) कांट्रेक्टर कालोनी सुपेला मिले। इनके कब्जे से मौके पर 4 हुक्का पाट, 16 तम्बाकू युक्त विभिन्न कंपनियों के फ्लेवर, 50 नग सीम, 15 नग आईडीएफसी बैंक के चेकबुक, 01 नग लैपटाप, 3 नग मोबाइल मिले। आरोपियों व्दारा शासन से प्रतिबंधित तम्बाकू युक्त विभिन्न कंपनियों के फ्लेवर युक्त हुक्का पाट के माध्यम से लोगों को पिलाया जा रहा था दोनों युवकों से पूछताछ करने पर ऑनलाइन महादेव सट्टा ऐप का संचालन करने का खुलासा हुआ है

कई कंपनियों की 50 सि आकाशगंगा की दुकानता से खरीद कर उपलब्ध कराई पुलिस से मिनी जानकारी के अनुसार पूछताछ में खुलासा हुआ कि वर्ष 2022 में सट्टा संचालन के समय रिकी पारख निवासी जलेबी चौक द्वारा वोडाफोन, एयरटेल तथा जियो कंपनी की लगभग हिमालय काम्पलेक्स आकाश गंगा सुपेला वर्ष 2022 के आसपास थी उससे लेकर रिषभ तथा उसके भाई प्रांशु को दिया था। जिसके आधार पर अम्बिकापुर के आईडीएफसी बैंक के स्टॉफ अरूण से मिलकर अवैध सटटा संचालन कर अवैध आर्थिक लाभ कमाने के आशय से फर्जी खाते खुलवाये गए। वहीं खाता धारकों को उनके खाता खुलने के संबध मे कोई जानकारी नहीं है क्योंकि उनके दस्तावेज खाता धारकों को धोखे में रखकर लिया गया उसमें मिले एटीएम तथा चेक बुक को अपने पास रखता था, जिसके एवज मे रिकी पारख रिषभ को 10 हजार एक खाते के लिए देता था जिसमें से 5 हजार रुपए अरूण को कमीशन देता था बाकी रकम को वह अपने पास रखता था।

### मकान का ताला तोड़कर चोरी

**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि रायपुर ग्राम कांदुल निवासी चेतन लाल वर्मा (28 वर्ष) मारूती इंफ्रा रायपुर में एकाउंटेंड का काम करता है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वार्ड क्र. 16 महाराणा प्रताप नगर शिवपुरी भारती निवास में उसके माता-पिता किराए में रहते हैं। 10 अप्रैल को उसके माता पिता प्रार्थी के घर रायपुर कांदुल आए थे। 14 अप्रैल की सुबह पड़ोसी ने मोबाइल के जरिये घर में चोरी होने की सूचना दी। घर आकर देखा तो आलमारी का दरवाजा व लॉक टूटा तथा सामान बिखरा पड़ा था आलमारी में रखे सोने की 3 पत्ती, कान की खुटी 1 जोड़ी, चांदी का पायल 6 जोड़ी व चांदी का चाबी रिंग 1 नग को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था

### मर्चेंट मिल ने बनाये नए शिफ्ट रिकॉर्ड



**भिलाई, 16 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल ने लगातार दो दिनों में टीएमटी 28 मिमी के रोलिंग में शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया है। मर्चेंट मिल विभिन्न आयामों और ग्रेडों में टीएमटी बार, एंगल और चैनलों सहित लाईट स्ट्रक्चरल स्टील का उत्पादन करती है। शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024 को मर्चेंट मिल ने 23 दिसंबर 2022 को 648 टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पीछे छोड़ते हुए, 28 मिमी टीएमटी बार्स के 684 टन का उत्पादन करके एक नया शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया। अगले दिन शनिवार, 13 अप्रैल 2024 को मर्चेंट मिल ने अपने ही इस शिफ्ट रिकॉर्ड को तोड़कर 28 मिमी टीएमटी बार्स में 711 टन के उत्पादन के साथ एक और नया शिफ्ट रिकॉर्ड बनाया।

### आनलाइन सट्टा,दो गिरफ्तार



**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई नेवई पुलिस ने बताया कि डेम के पास सुनसान जगह में पेड के नीचे डोण्डा सिटी कार में बैठकर युवक लैपटाप से ऑनलाईन सटटा खिलाने की सूचना मिली थी नेवई टीआई आनंद शुक्ला शुक्ला को मुखबिर ने सूचना दिया कि होण्डा सिटी कार सीजी 04 जेड ई 4444 में दो युवक बैठकर लेपटाप, मोबाईल में ऑनलाईन सटटा खिला रहे है। पुलिस ने घेराबंदी कर क्वाटर नंबर 14/बी, सडक 33 सेक्टर 10 निवासी लक्ष्यदीप डहरिया, क्वाटर नंबर 8/ए सडक 10, सेक्टर 3 शिवम सिंह तोमर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने रेडडी अन्ना का एप्प इस्तेमाल कर रींवा में बैठे हुये चार अन्य दोस्तों जो ऑनलाईन सट्टा के संपर्क में थे। चार युवकों में राहुल ताम्रकार, रितिक ताम्रकार, निरज साहू, पूर्णानंद गौर के साथ मिलकर आरोपियों ने लोगो का बैंक खाता खुलवाकर खाता, एटीएम कार्ड, मोबाईल नंबर उपलब्ध कराकर रूपयें पैसे का ऑनलाईन अवैध लेनदेन करते थे। पूछताछ में बताया कि लेपटाप, मोबाईल द्वारा सट्टा में इस्तेमाल जो भी चीजे होती थी। उसे काम होते ही डिलिट कर देते थे। आरोपियों के पास से 4 नग लेपटॉप अलग अलग कंपनी का, 4 मोबाईल अलग अलग कंपनी, 14 पासबुक एटीएम, चेकबुक अलग अलग बैंक, नगदी 10 हजार और 2 अलग अलग कोरे कागज पर पेन से लिखा हुआ लेन देन का

# गार्डन को साफ-सुथरा कर बनाया जा रहा खूबसूरत

### और रौनक बिखेरेंगे बाग-बगीचे





**भिलाई, 16 अप्रैल।** ग्रीष्म में बाग-बगीचों के दम फूलने लगे हैं। एक तो पानी की कमी दूसरे झुलसा देने वाली ग्रीष्म लहर लू के थपेड़े। ऐसे मौसम में बाग-बगीचों के हरियाली की बात करें तो बेतुका लग सकता है। लेकिन कुछ दिनों पूर्व भिलाई इस्पात संयंत्र (जनसम्पर्क विभाग) के सामने के दोनों बगीचे में माली-मजदूरों को उत्साह के साथ काम करते देख सुखद लगा। भीषण गर्मी में गार्डन को हरा-भरा बनाये रखने के लिए वे पसीना बहा रहे थे। पिछली बार जाने पर गाजर-घास की बहुतायत दिखी थी और गार्डन की हरियाली मंद-सी थी। शशिर-हेमंत में भी पादप-पुष्प उदास पड़े थे मानो गाजरघास से आक्रांत हों। लेकिन उस दिन अच्छा लगा जब दिखा कि गार्डन अपने स्वरूप में चकाचक किया जा रहा है। गाजर-घास निर्मूल कर दिए गए हैं। नयी क्यारियां, नए पथ, लॉन और गोलाकृतियों में घेरा बनाकर पुष्प-पादप रोप गए हैं। फूल खिलखिला रहे हैं । यहीं बैठक होती है और जनसम्पर्क विभाग के महाप्रबन्धक जेकब कुरियन बताने लगते हैं कि गार्डन को खूबसूरत और हरा-भरा बनाये रखने के लिए प्रबंधन पूरी तरह से प्रतिबद्ध रहता है। बातचीत के सिलसिले को बढ़ाते हुए कुरियन ने बताया कि टाउनशिप के चौक-चौराहों की हरियाली के लिए भी काम हो रहे हैं। वहीं महाप्रबन्धक प्रशान्त तिवारी इस गार्डन की विशेषताएं बताते हैं, जिनमें इसके इतिहास से लेकर रखरखाव तक की बानगी होती है। तिवारी बताते हैं कि यहीं नहीं, इस्पात भवन एवं एचआरडी के गार्डन को भी आकर्षक और खूबसूरत बनाने का कार्य चल रहा है। कोविड महामारी के समय इन बाग-बगीचों ने बहुतों के जीवन की रक्षा की है। तिवारी बताते-बताते भावुक हो उठते हैं कि एचआरडी के पीछे जहाँ कोविड सेंटर बनाया गया था और ऑक्सीजन के लिए हाहाकार मचा था तब यही बगीचे कॉन्टिनुएस ऑक्सीजन के बहुत बड़े हेतु बनकर खड़े हो गए थे। जहाँ तक जनसम्पर्क विभाग के सामने के गार्डन का सवाल है तो यहाँ गेंदा और डहलिया खूब खिलते हैं जो रौनक बिखेरते हैं। भारतीय प्रजाति के पेड़-पौधे बहुतायत में हैं। सीजनल फूल और फलों के साथ ही अनेक प्रकार के पेड़ों की प्रजातियां यहाँ की सुषमा को प्रदीप्त करते हैं। गार्डन में और निखार लाने के लिए अभी व्हाइट पेण्ट के साथ ही रोज क्लीनिंग का कार्य चल रहा है। लक्ष्य गार्डन को गहराई से साफ-सुथरा बनाकर खूबसूरती प्रदान करना है। इस गार्डन का अपना इसलिए भी विशेष महत्त्व है कि यहाँ विज़िटर्स पास बनवाने के लिए आते हैं तो उन्हें खूबसूरत नजारे के साथ-साथ छाया भी प्राप्त होती है। एचएससीएल के अनेक लोगों के साथ ही अनेक ठेका श्रमिक दोपहर का भोजन यहीं बैठकर कर करते हैं। यहाँ विश्राम स्थल-शीतल जल और पेड़ों की घनी छाया होने से उन्हें सुविधा हो जाती है। साथ बैठे सेवानिवृत्त महाप्रबन्धक सुबीर दरीपा लेमन-टी की सुगंध बिखेरते हैं कि बीएसपी में जब वे प्रबन्धक के पद पर ड्यूटी ज्वाइन किये थे तब से देख रहे हैं, इस गार्डन की अपनी ही विशेषता है जो सहज ही ध्यान आकर्षित करती है। कार्यालय के सहायक तरसेम सिंह गार्डन का नजारा दिखते हैं। जहाँ चार-चार पीपल के विशाल पेड़ फैले हैं, आम का पेड़ फलों से लदा है। कतार से खड़े पाम के पेड़ लोगों का अभिवादन कर रहे हैं। अमरूद, आंवले, नीबू, बेर, कटहल, जामुन, बेल सहित अनेक प्रजातियों के पेड़ बहुतायत में चारों ओर फैले हुए हैं। सीमेंट की आरामदायक कुर्सियां और प्रतीक्षालय विज़िटर्स के लिए बहुत ही राहत देने वाले हैं साथ ही हरियाली लिए इनका लुक भी बड़ा सुन्दर है। जेकब कुरियन के साथ ही प्रशान्त तिवारी और सुबीर दरीपा बातचीत का समापन करते हुए कहते हैं कि पर्यावरण की रक्षा और पेड़-पौधों की देखरेख परिवार की तरह करना चाहिए। हम रहें न रहें लेकिन आने वाली पीढ़ी के लिए यही बाग-बगीचे प्राण तत्त्व हैं, नहीं भूलना है।

## बीएसपी के कर्मियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान

**भिलाई, 16 अप्रैल।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधक मुनीश कुमार गोयल ने अपने कर्मचारियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इनमें मर्चेंट मिल के वरिष्ठ क्रेन ऑपरेटर भीष्म पितामह सिंह, मास्टर ऑपरेटिव प्रदीप कुमार सिंह, सीनियर ऑपरेटिव कुलेश्वर प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ परिचालक एम कलीम, वरिष्ठ शिपर सतीश कुमार वर्मा, असिस्टेंट रोलर कम सीनियर ऑपरेटिव मनोज कुमार साहू, सहायक रोलर सुब्रत कुमार सरकार तथा मर्चेंट मिल के महाप्रबंधक सुशील कुमार हरिरमानी, सहायक महाप्रबंधक रमाकांत गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक अरुण कुमार शर्मा, सहायक महाप्रबंधक थॉमस जॉर्ज सम्मलित हैं। मर्चेंट मिल के कर्मचारी भीष्म पितामह सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, मनोज कुमार साहू, सुब्रता कुमार सरकार ने लक्ष्य से अधिक सेलेबल स्टील के उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके इस योगदान पर गोयल ने इनके कार्यों की सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कुलेश्वर वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया की पहले बार-बार कोबल होने से उत्पादन में समय लगता था, मगर हाल ही में आंतरिक संसाधनों से बनाया गया उपकरण बहुत लाभकारी साबित हुआ है। साथ ही सुशील कुमार हरिरमानी महाप्रबंधक मर्चेंट मिल ने बताया की टी एम टी 32 स्न्द्द 550ष्ठ में रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रतिदिन 3036 टन का रोलिंग करने में सफल रहे हैं। इनके सहयोगी अरुण कुमार शर्मा, एम कलीम, थॉमस जॉर्ज को भी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए इन सभी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### कलेक्टर के रूप में ऋचा प्रकाश चौधरी को दी ज्वाइनिंग

दुर्ग 16 अप्रैल । जिला प्रशासन दुर्ग को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिला है। डॉ. एम. भार्गव ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को आज अपनी ज्वाइनिंग दी। गौरतलब है कि इन्होंने अपनी तेलंगाना के खम्मम जिले से बीडीएस की डिग्री ममता डेंटल कॉलेज से प्राप्त की है। मूलतः तेलंगाना राज्य के रहने वाले डॉ. एम. भार्गव वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने डॉ. एम. भार्गव का स्वागत कर प्रशासनिक परम्परा का निर्वहन किया। उन्होंने श्री एम. भार्गव को नये कर्तव्य पथ पर पदार्पण करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

## देश को विकसित बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है 2024 की मोदी गारंटी:अशोक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 16 अप्रैल।** जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है। आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है। जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं। साहू ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला हुआ था कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। लेकिन मोदी की सरकार ने सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई गई जनकाल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। लेकिन जब यही कांग्रेस की सरकार थी, जनता के पैसे को हड़पने का काम इनके नेता करते थे। पीएम मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर कांग्रेस और इसके इंडी गठबंधन के दल अपने झूठे जनघोषणा पत्र से फिर से जनता को झांसे में लेने के लिए कुचक्र रच रहे हैं। लेकिन जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे जनघोषणा पत्र को नाकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ में भी भाजपा 11 की 11 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

## ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसो. ने बेटियों के विवाह के लिए दी 25-25 हजार की सहयोग राशि




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह ( छोटू) के नेतृत्व में विगत दिवस उल्लेखनीय सामाजिक कार्य किया गया। एसोसिएशन ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्राइवर रवि निवासी शिवपुरी जामुल की बहन कुमारी कावेरी की शादी में 25 हजार रुपये नकद सम्मान सहयोग राशि दिया ।

इसी कड़ी मे ड्राइवर किरित राम साहू की सुपुत्री दीपिका साहू जोन-2 खुर्सीपार भिलाई को भी 25 हजार की राशि नकद सम्मान सहयोग दिया गया । मुख्य रूप से अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंग ( छोटू), कार्यकारणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकित सिंग, वरिष्ठ पत्रकार लखन वर्मा, उद्योगपति मंगलम स्टील रायपुर तरुण अग्रवाल, संरक्षक महेंद्र सिंग, सुधीर सिंह, सचिव बलविंद्र सिंग, दिलीप खटवानी, कोषाध्यक्ष जोगा राव, सुनील शर्मा, वाजिद अली, सुनील राजदीप यादव, विनय अग्रवाल, पंकज शर्मा, रोशन वर्मा सहित सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी ।

## प्रिज्म संस्थान में रिसर्च मैथाडोलाजी पर वेबिनार का सफल आयोजन




**उतई, 16 अप्रैल।** प्रिज्म स्कूल ऑफ़ एजुकेशन तथा अपोलो कॉलेज के कोलैबोरेशन के तहत रिसर्च मेथाडोलॉजी पर सफल वेबीनार का आयोजन किया गया द्य जिसमे शंकाराचार्य महाविद्यालय, अपोलो कॉलेज, दंतेवाड़ा कॉलेज और प्रिज्म कॉलेज के लगभग 59 शोधार्थीयों ने भाग लिया द्य कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई ,तत्पश्चात प्रिज्म संस्थान की प्राचार्य डॉ अंजना शरद ने सिद्धार्थ जैन सर का स्वागत करते हुए बताया कि शोध जगत में सर का कोई सानी नहीं है द्य तथा रिसर्च के फील्ड में इस तरह के ज्ञानवर्धक वेबिनार की परम आवश्यकता है द्य पुनः प्रिज्म संस्थान की डायरेक्टर श्रीमति ख्याति साहू मैम ने बताया कि रिसर्च में किस प्रकार की विधि का प्रयोग किया जाय जिससे शोध अधिक समाज उपयोगी सिद्ध हो ,आज के वेबिनर का यही मुख्य उद्देश है द्य

तत्पश्चात अपोलो कॉलेज के प्राचार्य डॉ सिद्धार्थ जैन सर ने रिसर्च मेथाडोलॉजी को स्टेप बाय स्टेप समझाया कि रिसर्च क्या है, इसके प्रकार , शोध में चरो का चुनाव, हाइपोथेसिस का फार्मेशन ,डाटा कलेक्शन तथा डाटा एनालिसिस किस विधि के द्वारा किया जाना चाहिए इसे उन्होंने बड़ी ही बारीकी से बताया साथ ही प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी उन्होंने बड़ी ही शालीनता से दिया।

## आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर संवारी जा रही वर्षों पुरानी डबरी



**रिसाली, 16 अप्रैल।** निस्तारी तालाब को सहेजने और उसे दुषित होने से बचाने रिसाली निगम प्रयास कर रहा है। वार्ड 29 लक्ष्मी नगर के डबरी से मिट्टी निकाल संवारा जा रहा है। इसका उपयोग केवल मवेशियों के लिए किया जाएगा। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर शीतला तालाब के बगल वर्षो पुराने डबरी को संवारा जा रहा है। मिट्टी निकलने का कार्य पूर्ण हो चुका है। सोमवार को आयुक्त ने स्थल निरीक्षण कर डबरी से जलीय पौधे को निकालने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि अगर डबरी की सफाई हो गई तो डेयरी संचालक अपने मवेशी को यही धोने का काम करेंगे। तालाब निस्तारी के लिए सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि निस्तारी तालाब में मवेशी धुलाई करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी की जाएगी। कल्याणी शीतला मंदिर तालाब के बगल बने डबरी पुरानी है। शीतला तालाब का आउटलेट इसी डाबरी में है। तालाब का ओवरफ्लो पानी इसी में आता है। वहीं तालाब भरने सिंचाई विभाग द्वारा छोड़े गए पानी का कुछ हिस्सा भी डबरी तक पहुंचता है। सफाई के अभाव में डबरी पूरी तरह दलदल नुमा बन गया था। आयुक मॉर्निंग विजिट के तहत वार्ड 29, 13 व 14 भ्रमण की। उन्होंने टंकी मरोदा में बने ओवरहेड टैंक का निरीक्षण की। आयुक्त ने डुंडेरा, पुरैना, नेवई और टंकी मरोदा टैंक के नीचे स्टोर रूम बनाने के निर्देश दिए, ताकि जन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपना सामान रख सकें।

## महिला ड्रग पैडलर सहित 3 युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई नशे के बड़े सौदागरों के खिलाफ पुलिस बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला ड्रग पैडलर और तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया हैएएसपी ( शहर ) अभिषेक झा ने बताया कि पदमनाभपुर थाना पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि नागपुर महाराष्ट्र निवासी ड्रग पैडलर चंदा ठाकुर अपने दामाद मनोज राहंगडाले और चालक यासीन शेख के साथ दुर्ग शहर में नशे का कारोबार फैलाने दुर्ग पहुंची है। पुलिस ने तुरंत ग्रीन चौक निवासी प्रेम ठाकुर को ब्राउन शुगर का पुडिया बेच रहा था। पुलिस को देख आरोपी साक्ष्य मिटाने और फरार होने की फिराक में था। उसे और नागपुर की महिला ड्रग पैडलर को पुलिस ने केन्द्रीय जेल दुर्ग केन्टीन के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। जिसमें इतवारी रेलवे स्टेशन नागपुर निवासी चंदा प्रदीप ठाकुर, मनोजराहंगडाले, कलमना बस्ती चित्रशाला नगर नागपुर महाराष्ट्र यासीन शेख को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने अलग अलग कुल 235 नीला सफेद कागज में लपेटे हुए ब्राउन शुगर जब्त किया जिसकी कीमत 5 लाख रुपए और नगदी 25 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा चार मोबाईल, फियेट कार एमएच/49/यू/0994 को बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि एक सप्ताह पहले नागपुर (महाराष्ट्र) रेलवे स्टेशन के पास गली में बेनाम व्यक्ति से 150 रूपये प्रति पुडिया के हिसाब से कुल 235 नग पुडिया ब्राउन शुगर खरीदा था। जिसे दुर्ग शहर में लाकर केन्द्रीय जेल दुर्ग केन्टीन के पास 250 रूपये प्रति पुडिया के हिसाब से बेच रहा था

### 8 लाख 65 हजार का सामान जब्त

पुलिस ने बताया कि 100 पुडिया ब्राउन शुगर का आरोपी ने बेच दिया था। जिसकी बिक्री नगदी 25 हजार बचे 135 पुडिया ब्राउन शुगर में से 56 पुडिया को आरोपिया चंदा ठाकुर, 40 पुडिया मनोज राहंगडाले, 39 पुडिया यासिन शेख से बरामद किया गया है। पकड़ी गई महिला ड्रग पैडलर चंदा ठाकुर नागपुर में नारकोटिक एक्ट में कई बार जेल जा चुकी है। पुलिस ने वाहन, मोबाइल नगदी रकम समेत 8 लाख 65 हजार का सामान जब्त किया है।

कार्रवाई में पदमनामपुर पुलिस के ट्रेनी आईपीएस अक्षय प्रमोद साबदा, सउनि गंगाप्रसाद श्रीवास, प्रधान आरक्षक आनंद तिवारी, जावेद खान, मनीष अग्नीहोत्री, आरक्षक किशोर सोनी, गौर सिंह राजपुत, कमलेश यादव, प्यारेलाल साहू, पूरन सार्वा, जमालुदीन खान, दुर्गेश यादव, महिला आरक्षक खगेश्वरी साहू, डाली यदुका अहम योगदान रहा है

**एक नजर**

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा हाईक्रॉस पेट्रोल जीएक्स (ओ) ग्रेड पेश की

**रायपुर,,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राहक सबसे पहले की अपनी संस्कृति और उनकी आवश्यकताओं का ख्याल रखते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) पेट्रोल संस्करण में एक नए ग्रेड की शुरुआत की घोषणा की। इनोवा हाइक्रॉस लाइन अप का नवीनतम संयोजन 10 से अधिक उन्नत आराम और प्रौद्योगिकी सुविधाओं का दावा करता है, जिससे उन ग्राहकों के लिए मूल्य प्रस्ताव का स्तर बढ़ जाता है जो अधिक की तलाश में हैं। इनोवा हाईक्रॉस जीएक्स (ओ) ग्रेड की बुकिंग खुली हुई है और डिलीवरी 15 अप्रैल 2024 से शुरू होने की उम्मीद है। जीएक्स (ओ) ग्रेड 7 और 8 सीट बाले विकल्पों में पेश किया गया है। यह सात गतिशील रंगों में उपलब्ध है ब्लैकिश एजहा ग्लास फ्लेक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल, एटीट्यूड ब्लैक मीका, स्पार्कलिंग ब्लैक पर्ल क्रिस्टल शाइन, सिल्वर मेटालिक, सुपर व्हाइट और अवंत गार्डे ब्रोन्ज मेटेलिक।

## अंचल में धूमधाम से मनाई गई आम्बेडकर जयंती

**डोंगरगांव ,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** संविधान के रचयिता महान समाज सुधारक डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती को खुज्जी ,दर्री, बेंद्रकट्टा सहित अंचल के विभिन्न गांवों में धूमधाम से मनाया गया। बाबा की जयंती को लेकर



सामाजिक जनो में उत्साह का माहौल रहा,इसी कड़ी में ग्राम खुज्जी के बौद्ध समाज के लोगों ने स्थानीय अम्बेडकर भवन में विधिवत पूजा अर्चना कर बाबा को याद किया वही ग्राम दर्री के सामाजिक जनो ने बाबा की झांकी के सांथ डी जे धुमाल के सांथ रैली निकाल कर आतिशबाजी कर आम्बेडकर जिंदाबाद के नारे लगाते हुए ग्राम का भ्रमण किया रात्रि में अम्बेडकर भवन में भाषण सम्भाषन के पश्चात भोजन भंडारा का आयोजन किया गया अंचल में यह पहला अवसर था जिसमे बाबा के जीवन दर्शन की झांकी का निर्माण ग्राम दर्री के सामाजिक युवाओ के द्वारा कराया गया था ,जो लोगों में चर्चा का विषय रहा, अम्बेडकर जयंती को सफलता पूर्वक मनाने में समाज के अध्यक्ष कपिल गौरकर, सचिव रविन्द्र चौरे, सुद्दोधन सोनटेके, ओमप्रकाश रामटेके, यशवंत राव रँगारी, ललित मेश्राम,संदीप घोडेसवार,सहित बौद्ध महासभा दर्री का सराहनीय योगदान रहा।

## समाज सेवी डॉ प्रकाश अनंत को मिला विश्व रत्न सम्मान

**डोंगरगांव ,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।**वरथी वैलनेस फाउंडेशन द्वारा सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट भूमिका का निर्वहन करने वाले सक्रिय कार्यकर्ता डॉ प्रकाश अनंत को



विश्व रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है । यह पुरस्कार उन्हें लगातार सामाजिक कार्यों में विशेष कार्य करने, सहानुभूति पूर्वक समाज में लोगों की मदद करने एवं आवश्यकता पड़ने पर मदद करने न्याय दिलाने के लिए डॉक्टर प्रकाश अनंत की सक्रियता को देखते हुए वरथी वैलनेस फाउंडेशन द्वारा उत्कृष्टता की भूमिका में डॉक्टर अनंत का चयन करते हुए आज दिनांक 12 अप्रैल 2024 को इस ख्याति से पुरस्कृत किया गया है। पिछ्ले कई वर्षों से डॉक्टर प्रकाश अनंत ने सामाजिक कार्यों में विशेष भूमिका का निर्वहन किया है विभिन्न प्रदेशों द्वारा उन्हें विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया है एवं केंद्र शासन दिल्ली द्वारा भी उन्हें कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है । राजनीतिक कार्यों में विशेष पदों पर नियुक्ति के साथ-साथ विशेष कार्य कुशलता एवं सतत प्रयासरत रहने के कार्यों से कौन भली भांति परिचित नहीं है । नए लोगों को अवसर एवं प्रशिक्षण देने में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतते एवं सभी को सामान अवसर प्रदान करते हुए राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यों में आगे आकर स्वतंत्र रूप से कार्य करने का कार्य करने का प्रोत्साहन डॉ प्रकाश अनंत द्वारा लगातार दिया जाता है । डॉ प्रकाश आनंद को विगत वर्षों में उत्तर प्रदेश पश्चिम बंगाल राजस्थान मध्य प्रदेश हरियाणा पंजाब कर्नाटक एवं गुजरात से भी सामाजिक कार्यों में पुरस्कृत किया जा चुका है

# अन्तर्राज्यीय शराब तस्करों को 39 पेटी गोवा शराब व कच्ची महुआ लहान के साथ पकड़ा

**डोंगरगढ़,16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



मध्यप्रदेश की निर्मित गोवा शराब की 39 पेटी व बिना मानक की कच्ची महुआ लहन के साथ तस्करी में उपयोग में लाए जाने वाहन सहित आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने में पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है । पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि 15 अप्रेल को ग्राम लेड़ी जोब में मुकेश जंघेल के घर में अवैध शराब डम्प होने व शराब लाने के लिये उपयोग किये वाहन घर के सामने खड़ी होने की सूचना पर थाना प्रभारी डोंगरगढ़ सी0आर0चन्द्रा द्वारा अपने टीम एवं सायबर सेल राजनांदगाँव प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा व अन्य स्टॉप के साथ ग्राम लेड़ीजोब आरोपी के घर पंहूचकर घेराबंदी कर आरोपी मुकेश जंघेल पिता स्व0 महेश जंघेल उम्र- 34 साल ग्राम लेड़ीजोब थाना डोंगरगढ़ एवं महेन्द्र वर्मा पिता कुमार वर्मा उम्र- 24 साल साकिन मोहारा थाना डोंगरगढ़ को पकड़कर आरोपी मुकेश जंघेल के घर से एवं टाटा सफारी वाहन क्रमांक- सीजी 10 पी 8765 से कुल 39 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 351 बल्क लीटर मध्यप्रदेश में निर्मित छत्तीसगढ़ सरकार को बिना टेक्स चुकाये शराब एवं 90 लीटर महुआ लहान किमती- 208260/-रू0 एवं टाटा सफारी वाहन क्रमांक- सीजी 10 पी 8765 किमती- 800000/-रू0 को जप्त कर आरोपीगण के विरूद्ध धारा- 34(2) 36 आबकारी एक्ट कायम कर आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया है प्रकरण के एक अन्य आरोपी राजू साहू बुधवारी पारा डोंगरगढ़ घटना स्थल से फरार है जिसकी तलाश जारी है उक्त शराब तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों के सबंध में बारिकी से जांच पड़ताल की जा रही है नाम सामने आने पर गिरफ्तारी जायेगी। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा, उप निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक योगेश कुमार पटेल, आरक्षक बिरंची टण्डन, योगेन्द्र देशमुख एवं सायबर सेल प्रभारी निरक्षक जितेन्द्र वर्मा, आरक्षक परिवेश वर्मा, मनोज खुंटे, हरिश ठाकुर, एवं जीवन ठाकुर का विशेष योगदान रहा है।

## संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर बौद्ध समाज ने किया नमन



**डोंगरगढ,16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

डॉ भीमराव अंबेडकर की 133 वी जयंती के अवसर पर आदर्श नागसेन बुद्ध विहार में संविधान निर्माता डॉ,भीमराव अंबेडकर की 7 फिट की प्रतिमा व वार्ड नंबर 8 की पार्षद अलका जयस सहारे के प्रयास से कलकत्ता के कारीगरों के द्वारा निर्मित ढाई लाख की बड़ी घड़ी बुद्ध विहार स्थापित करवाई गई जिसका लोकार्पण भी आज किया गया बुद्ध विहार में सुबह पूजा अर्चना कर भंते नगरत्न भंते कुमार कश्यप द्वारा बुद्ध वंदना की गई रेलवे स्टेशन में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की छाया प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तहसील कार्यालय में स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर बुद्ध वंदना किया गया इस अवसर पर पूर्व विधायक व प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने संविधान निर्माता डॉ,भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सबको बधाई देते हुए कहा की अपने समाज से प्रतिनिधि बनाकर भेजो जो आप के कार्य को कर सके तीन माह प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णु देव साय ने प्रज्ञागिरी विकास के कार्यों को देखते हुवे प्रज्ञागिरी के पहाड़ पर सड़क निर्माण के लिए 7 लाख स्वीकृति स्वीकृति प्रदान की गई है नगरपालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने कहां की आज हम जो कुछ है वह डॉ, भीमराव अंबेडकर की देन है आज हम उनके प्रयासों से ही इस मुकाम पर पहुंचे हैं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धीरज मेश्राम के द्वारा आभार करते हुवे कहा की जब भारत देश आजाद हुआ भारत देश को संविधान की जरूरत हुई सविधान को लेकर नो कमेटी बनी थी डॉ अंबेडकर उस कमेटी के सदस्य रहे दिन रात महेनत कर देश का संविधान लिखा जो की पूरे विश्व में सबसे बड़ा संविधान भारत देश का है सीमा गेडाम , व सिद्धार्थ के द्वारा अम्बेडकर पर आधारित कविता प्रस्तुत किया गया पंचशीला सहारे संगीता रंगारी के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन पर गीत की प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्नालाल नंदेश्वर जैन कुमार मेश्राम उमा महेश वर्मा पार्षद अलका जयेश सहारे अनीता लोकेश इंदुरकर अनिल सहारे राजकुमार नंदेश्वर प्रजेश सहारे दीपक साखरे अखिल अंबादे विशाल जनबंधु दीपक ऊके खेमदास साखरे विपिन सहारे अमन जनबंधू माया भास्कर बिंदु अम्बादे रेखा सहारे सहित बौद्ध समाज के उपासक उपासिकाए भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## नया बस स्टैण्ड में सफाई में ढिलाई पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर राशि कटौती के दिये निर्देश

राजनांदगांव 15 अप्रैल। निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ प्रतिदिन प्रातः वार्ड भ्रमण कर साफ सफाई एवं निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा ले रहे है, इसी कडी में आज उन्होंने वार्ड नं. 14 के नेहरू नगर, टाका पारा, रेस्ट हाउस रोड एवं वार्ड नं. 15 के बल्देवबाग, नया बस स्टैण्ड का भ्रमण कर निर्माणाधीन विकास कार्य एवं सफाई व्यवस्था देख नया बस स्टैण्ड में सफाई में ढिलाई पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी प्रभारी से कहा। इसके अलावा नया बस स्टैण्ड में सफाई का जायजा लेकर सफाई में ढिलाई पर सुधार लाने तथा हाजरी रजिस्टर की जॉच कर रजिस्टर में कर्मचारियों की फोटो नहीं लगने व अनुपस्थिति लाल पेन से नहीं लगाने पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर चलित देयक से 5 हजार रूपये की राशि कटौती करने वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा को निर्देश दिये। निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता ने नेहरू नगर में नाली निर्माण,



कर राशि कटौती के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री गुप्ता टाका घर में मोटर, जल एवं विद्युत विभाग के कर्मचारियों से रूबरू हो उनके कार्यो के बारे में जानकारी लेकर ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुये सुबह जल्दी काम लगाने के निर्देश दिये, टाका पारा व स्टेशन रोड के सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण कर साफ सफाई पानी आदि की व्यवस्था दुरूस्त करने संचालक को निर्देशित किये। उन्होंने स्टेशन रोड व डिवाईडर के किनारे साफ सफाई करने, बल्देवबाग क्षेत्र में भी निर्धारित समय तक सफाई कराने वार्ड कच्छ गुर्जर समाज के सामुदायिक भवन, बल्देवबाग में वैष्णव समाज सामुदायिक भवन तथा नया बस स्टैण्ड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य देख निर्माण के गति लाने, मजदूर बढ़ाने, नियमित रूप से तराई करने ठेकेदार को निर्देशित करने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा। उन्होंने नया बस स्टैण्ड में निर्मित व्यवसायिक परिसरों का निरीक्षण कर प्रीमियम की शेष राशि जमा नहीं करने वाले तथा किराया नहीं पटाने वाले दुकानदारों को नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित लिपिक श्री प्रकाश साहू को दिये।

# मानपुर मंडई में ठेकेदारों ने की जमकर अवैध उगाही

- आचार संहिता में किसने कराई बाजार नीलामी
- सरकारी बोली नौ लाख,छह लाख में कर दिया सौदा
- व्यापारियों ने कहा दुकान सम्हाले या शिकायत करें
- बिना रसीद दो सौ से बारह सौ तक पसरा शुल्क

**मोहला,16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**



रविवार को ग्रामीणों और मंदिर समितियों द्वारा मानपुर मंडई(मेला) आयोजित किया गया। वही मंडई में आये व्यापारियों और पसरा वालो से ठेकेदारों ने जमकर अवैध वसूली की,मेले में आये व्यापारियों से पसरा शुल्क मामले में मीडिया ने जब बात किया गया तो बताया कि छोटे दुकानदारों से तीन सौ रुपये की डिमांड की गई तो दुकानदारों ने पसरा शुल्क के हिसाब से तीस से चालीस रुपये देने चाहा लेकिन डराकर ढाईसौ लिया गया और रसीद देकर चले गए, वही मछली पसरा में व्यापारियों से बात की गई तो बताया कि साप्ताहिक बाज़ार में डेढ़ सौ रुपये लिया जाता है लेकिन मंडई में बारह सौ लिया गया । ग्राम पंचायत से शुल्क निर्धारित किया जाता है लेकिन ठेकेदारों की मनमानी से साप्ताहिक बाजार और मंडई करने वाले व्यापारी परेशान है। जिले में बाजार ठेकेदारों की लगातार शिकायतें सामने आती रही और मीडिया द्वारा इस मामले को पंचायत को अवगत कराता आया है लेकिन ग्राम पंचायत और ठेकेदारों की मिलीभगत से यह कारोबार फल फूल रहा है,पंचायत अधिनियम को ताक में रखकर ठेकेदार और ग्राम पंचायत इस कार्य को अंजाम दे रहे है ।



### पंचायत अधिनियम का खुला उल्लंघन सुविधाओं की व्यवस्था नहीं

जिले में ग्राम पंचायत के जितने भी साप्ताहिक बाजार है पंचायत द्वारा नीलाम कर ठेकेदारों को दिया जाता है सभी ठेकेदारों और ग्राम पंचायत पंचायत अधिनियम का उल्लंघन करते नज़र आते है, जबकि पंचायत अधिनियम में नियम है कि गांव में मंडई आयोजित किया जाता है तो पंचायत और ठेकेदार की टीम दुकानदारों को जगह मुहैया कराती है और बिजली,पानी सफाई की सुविधाओं के साथ मापदंडों के हिसाब से दुकानदारों को रसीद दिया जाता है । लेकिन जिले में पंचायत और ठेकेदारों की मिलीभगत से दुकानदारों का हाल बेहाल कर अधिक राशि वसूल कर निचोड रहे है ।

### आखिर आचार संहिता में पंचायत ने कैसे किया बाजार नीलाम

एक तरफ लोकसभा चुनाव जल्द ही दूसरा चरण में होने को है और आचार संहिता भी लगा है लेकिन ग्राम पंचायत ने नियम का उल्लंघन कर बाजार नीलाम गुपचुप तरीके से कर दिया वही दो दिवसीय मानपुर मंडई का ठेका भी साठ हजार में अलग से ठेकेदार को दे दिया गया जबकि पंचायत के नियम से मंडई और साप्ताहिक बाजार ग्राम पंचायत पसरा शुल्क वसूल कर रसीद देती है । अब आचार संहिता में बाजार नीलाम कर मानपुर पंचायत विवादों में आ गया है । अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर क्या कार्यवाही करती है ।

## ग्रामीण महिलाओ ने कांग्रेस प्रवेश कर पार्टी को जिताने का लिया संकल्प

**डोंगरगढ़ / बेलगाँव,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की चुनावी सभा बेलगांव मे जोरातराई मनगटा बोईरडीह कांकेतरा छिपा बसंतपुर मोहारा शिवनीकाला मुड़िया चैतुखपरी खैरबना ठाकुरटोला कोलेंद्रा की लगभग बीस महिलाओ ने कांग्रेस प्रवेश कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेसी प्रत्याशी व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जिताने का संकल्प लिया। कांग्रेस प्रवेश करने वाली महिलाओ ने बताया कि कांग्रेस के रीतीनीति व पिछ्ली भूपेश सरकार से प्रभावित होकर प्रवेश किया है। बताया जाता है कि इन ग्रामीण महिलाओ को कांग्रेस मे प्रवेश करवाने में कांग्रेसी नेता लोकनाथ भारती ने महत्वपूर्ण भूमिका रही है। चुनावी सभा के दौरान विधायिका हर्षिता बघेल पूर्व ऊर्जा मंत्री धनेस पाटिला पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल जिलाध्यक्ष कांग्रेस भागवत साहू पंकजलाल बांधव पुष्पा वर्मा शिशुपाल भारती गोविन्द टंडन थानेश्वर पाटिला सुरेश सिन्हा महेंद्र यादव पंचराम चंदेल नेतराम साहू दिनेतु जांगड़े प्रमोद ठाकुर खोमलाल वर्माविष्णु वर्मा मुरली वर्मा बाबूलाल वर्मा उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रवेश करने वाली सभी बेलगांव की महिला श्रीमती लल्तीन कुर्रे मीनाना सोने गवतरहिन कुर्रे गणेशी सोने ललिता सोने सखीना खरे छाया कुर्रे माहेश्वरी सोने शीलाला खेलवार यशोदा सोने रेखा सोने केकती चंदेल तीजबाई रुखमा सोनवानी मुंगेश्वरी सोने प्रतिभा खरे पुरषोत्तम सोने प्रकाश सोने डालसिंह लहरे सभी बेलगांव के लोगो ने कांग्रेस प्रवेश किया सभी भूपेश बघेल को चुनाव जिताने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता लोकनाथ भारती ने कहा गावों मे लोगो का भूपेश बघेल को जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है और विशाल मतों से चुनाव जीतेंगे।

## सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने किया जनसंपर्क

**राजनांदगांव,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।**सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रत्याशी संतोष पाण्डेय जी के पक्ष में डोंगरगढ़ शहर के क्रमश- वार्ड क्रमांक 14 एवम 15 में सघन जनसंपर्क कर केंद्र एवम राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत करवाया। जनसंपर्क के दौरान सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी की विष्णुदेव



सरकार एवम केंद्र की नरेंद्र मोदी जी के सरकार की योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास,हर घर शौचालय,उज्ज्वला गैस,महतारी वंदन ,मुद्रा लोन से लोगो को अवगत करवाया एवम योजनाओं के लाभान्वित लाभार्थियों से भी भारतीय जनता पार्टी को सहयोग करने अपील की। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने कहा कि आज देश के लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करना,राम मंदिर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना,लोकसभा एवम राज्यसभा से महिला आरक्षण बिल पास करवाना, देश के 140 करोड़ लोगो को करोना काल में मुफ्त वैक्सीन,भारतीय अर्थव्यवस्था को चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप स्थापित करना और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाना आदि कई ऐसे काम किए जिससे देश में उनकी लोकप्रियता बढ़ी। क्षेत्र की जनता से उन्होंने फिर से एक बार नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए संतोष पाण्डेय जी को सांसद के रूप में चुनने अपील की।। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी के साथ गीता मानिकपुरी,मीना यादव,अनिल यादव,शुभम परिहार,ऋषभ डकहा,चंद्रेश साहु,राजकुमार साहू,पूजा उजवने,सुशीला साहू,रिया साहू,रेणुका सिरसाम, ठागिया उईके,मंगतीन बाई यादव,जानकी साहू, गायत्री निषाद,मीना सिरसाम,उमा नाने,सुलोचना नाने,छाया सिरसाम, सकुंतला सिन्हा,कंचन साहू आदि कार्यकर्तागण भी उपस्थित हुए।

## फैंसिंग तार में फंसा हिरण, कुत्तों के हमले से मौत

**मामला उदंती सीतानदी अभयारण्य के ग्राम मेचका का**

**नगरी,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** सोंढूर जलाशय से लगे ग्राम मेचका के थाना कैंप में सुरक्षा के दृष्टिकोण के लिए लगायें गये फैंसिंग तार में एक हिरण फंस गया, जिसे कुत्तों के झुंड ने हिरण को नोच नोच कर मार डाला घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला



उदंती,सीतानदी टाईगर रिजर्व का है,जहां वन्य प्राणियों का विचरण छेत्र है, हिरणों का झुंड मेचका थाना कैंप के पहुंचा ही था उसी दौरान घात लगाए बैठे कुत्तों ने एक हिरण पर हमला कर दिया, तभी भागते हुए हिरण थाना परिसर के फेंसिंग तार में फंस गया और कुत्तों के हमले से हिरण जख्मी हो गया। इस घटनाक्रम से सीआरपीएफ और पुलिस के कुछ जवानों ने कुत्तों के द्वारा हिरण पर हमला करते देख बचाने की कोशिश की, लेकिन इतने में हिरण जंगल की तरफ भागने लगा उसी दौरान कुत्तों की झुंड ने हिरण को नोच,नोचकर मार डाला। वन विभाग ने मृत हिरण का पोस्टमार्टम करवा कर जंगली जानवरों के खाने के लिए जंगल में डाला गया है

## प्रेक्षक ने मतदान अधिकारियों को दिए निर्देश

**राजनांदगांव ,16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़)।** सामान्य प्रेक्षक श्री शशि रंजन ने जिला मुख्यालय के श्री गुरूनानक स्कूल राजनांदगांव में आयोजित लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान अधिकारियों को दिए जा रहे द्वितीय चरण के प्रशिक्षण एवं डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र का अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे। जिले में 4 स्थानों पर मतदान अधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है और निर्वाचन दायित्व में शामिल मतदान अधिकारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र भी बनाया गया है। जिले में डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ है। प्रशिक्षण केन्द्र ठाकुर प्यारे लाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव, श्री गुरूनानक हायर सेकेण्डरी स्कूल राजनांदगांव, सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक शाला राजनांदगांव एवं महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव में 12, 13 एवं 15 अप्रैल 2024 को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया गया तथा 16 अप्रैल 2024 सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते है। इसी तरह 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान कराना एक जिम्मेदारी वाला कार्य है इसे सावधानीपूर्वक करना है। मतदान कार्य को एक टीम वर्क के साथ संपन्न कराना है। सभी को एक-दूसरे की मदद करना है। उन्होंने सभी मतदान अधिकारियों का व्हाट्सअप ग्रुप बनाने कहा, जिसके माध्यम से सूचनाओं को आदान-प्रदान सुगमता से होगी।

**महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने स्वीप के लिए की ऐतिहासिक पहल**

# दूसरे राज्य पलायन करने वाले मजदूरों को मतदान के लिए किया प्रेरित

- प्रवासी मजदूरों को मतदान करने के लिए जागरूक करने हेतु किया गया लक्षित
- दोनों राज्यो ने सीमाहीन स्वीप का आयोजन कर लिखी एक नई इबारत

**राजनांदगांव ,16 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**




महाराष्ट्र के गोंदिया जिले और छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले ने एक अनूठी पहल करते हुए अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम की योजना बनाने के उपलक्ष्य में हाथ मिलाये और पहली बार ऐसा वक्त रहा जब दो राज्यों के जिलों ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को नये आयाम प्रदान किए हैं। इस कार्यक्रम का लक्ष्य प्रवासी मजदूरों को मतदान करने के लिए जागरूक करने का था। अंतर्राज्यीय स्तर पर दो जिलों ने आपसी समझ एवं समन्वय से पलायन करने वाले श्रमिकों को मतदान हेतु प्रेरित करने एक इबारत लिखी है। इसके साथ ही नये मतदाताओं या ऐसे मतदाता जो किसी कारण से मतदान करने में वंचित हो गये हो, उन्हें लक्षित करते हुए मताधिकार के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें एमएमएस करने के साथ ही मतदान करने के लिए फोन के माध्यम से सूचना दी जाएगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर सघन अभियान चलाये जा रहे हैं। यह कार्यक्रम डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत बागनदी पुल पर आयोजित किया गया और दोनों जिले के मतदाता अपने-अपने जिले से रैली के रूप में निकले और बागनदी पुल पर एकत्रित हुए। मिलने पर उन्होंने एक दूसरे को गुलाब के फूल भेंट कर स्वागत किया और साथ-साथ रैली के रूप में मंच तक पहुंचे। मंच पर उपस्थित अधिकारियों ने मतदाताओं को हिंदी, छत्तीसगढ़ी एवं मराठी में सम्बोधित किया। इसके बाद प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ी के साथ-साथ मराठी में भी मतदाता शपथ दिलाई गई। आम तौर पर सीमावर्ती क्षेत्रों में कम मतदान होता है और मतदाताओं, विशेषकर प्रवासी मतदाताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं, इसलिए राज्य में पहली बार दोनों जिलों ने अंतर्राज्यीय स्वीप कार्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, जिला पंचायत सीईओ गोंदिया, परियोजना अधिकारी साक्षरता श्रीमती रश्मि सिंह, जनपद सीईओ डोंगरगढ़ सुश्री दिव्या ठाकुर, जनपद सीईओ छुरिया श्री नारायण बंजारा, राजनांदगांव एवं गोंदिया जिले की स्वीप टीम सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

संपादकीय

# देश के साथ जनता का ख्याल भी रखा

कहा जाता है कि अति बुरी होती है. अति से बचना चाहिए। अति से फायदा तो होता नहीं है, अति से नुकसान ही होता है। राजनीति में भी दलों के अति से परहेज करना चाहिए। राजनीति में समझदार नेता वह होता है जो अति से बचता है. समझदार पार्टी वह होती है जो अति से परहेज करती है। लोकसभा चुनाव के लिए कईई दलों के घोषणापत्र सामने आ गए हैं। सभी के घोषणापत्र को देखकर तो यह लगता है कि किज्यादातर ने अति से बचने की कोशिश नहीं की हैं। वह किसी न किसी बात पर अति पर चले गए हैं। इससे जनता को भी नुकसान होगा और देश को भी नुकसान होगा। राजनीतिक दलों की कोशिश यह होनी चाहिए थी कि अपने घोषणापत्र में वह देश का भी ख्याल रखे और जनता का भी ख्याल रखें। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने जनता का तो खूब ख्याल रखा है लेकिन देश का ख्याल रखना भूल गए हैं। एक राजनीतिक दल ने देश के परमाणु हथियार को ही नष्ट करने का वादा किया है। इस तरह का वादा किसी राजनीतिक दल को करना नहीं चाहिए क्योंकि इससे तो देश की ताकत कम होती है, देश की सुरक्षा कमजोर होती है। कई राजनीतिक दलों ने तो ऐसे वादे किए हैं कि उसे पूरा करने में ही देश का आधा बजट खर्च हो जाएगा। जनता का ख्याल रखना अच्छी बात है लेकिन देश का ख्याल रखना भी तो जरूरी है। देश की सुरक्षा की तरह देश की आर्थिक स्थिति भी मजबूत रहनी चाहिए। राजनीतिक दलों को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह ऐसा कुछ न करें कि जिससे देश की अर्थिक स्थिति कमजोर हो,देश का विकास प्रभावित हो। सत्ता के लिए कुछ राजनीतिक दल न तो देश की आर्थिक स्थिति का ख्याल रखते हैं न ही देश के विकास का ख्याल रखते हैं, उन्हें सत्ता से मतलब रहता है। कैसे भी सत्ता उनको मिलनी चाहिए। राजनीति का लक्ष्य सत्ता है लेकिन सत्ता पाने के लिए ऐसा कुछ नहीं किया जाना चाहिए जिससे देश का ऐसा नुकसान हो जिसकी भरपाई करने में बरसों लग जाएं, देश बरसों पीछे हो जाए। देश के तमाम राजनीतिक दलों में भाजपा की एकमात्र ऐसा राजनीतिक पार्टी है जिसने जनता को वोट के लिए कोई लालच नहीं दिया है। उसने अपने घोषणापत्र में ऐसा कोई वादा नहीं किया है जिससे देश का बजट ही बिगड़ जाए। उसने वह सारे काम करने का वादा किया है जो वह करती आई है। हां उसमें विस्तार जरूर किया है। भाजपा के घोषणापत्र को देखते ही पता चलता है कि वह सत्ता अपने लिए नहीं चाहती है,वह सत्ता देश व जनता के विकास के लिए चाहती है। वह चाहती तो किसान सम्मान निधि की राशि बड़ा सकती थी लेकिन उसने अपने घोषणापत्र में नहीं बढ़ाया है, वह ऐसा करती तो उस पर भी आरोप लगता कि उसने भी किसानों को दी जाने वाली राशि को बढ़ाया है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र को देश के तमाम दलों के घोषणापत्र से अलग दिखाने का प्रयास किया और वह उसमें सफल रही है। कभी कांग्रेस कहा करती थी कि देश चलाना सिर्फ कांग्रेस को आता है और कोई इस देश को नहीं चला सकता। कांग्रेस री देश के लिए घोषणापत्र बना सकती है और कोई नहीं बना सकता। दोनों की बातों को भाजपा ने झूठला दिया है, भाजपा आज कांग्रेस से ज्यादा अच्छे से देश चला रही है, कांग्रेस से सौ गुना बेहतर घोषणापत्र बना कर दिखा रही है। आलोचना करने वालों का लग सकता है कि भाजपा के घोषणापत्र में नया कुछ नहीं हैं,वह कहती रही है और करती रही है,वही सब बातें हैं। भाजपा के घोषणापत्र मे सबसे अच्छी बात यह है कि उसमें लोकलुभावने वादे नहीं हैं, वही सब बाते हैं जो भाजपा कहती और करती रही है। भाजपा को इन बातों व कामों के कारण ही तो दो बार सत्ता मिली है। ऐसे में उसे कोई नया वादा करने की जरूरत ही नहीं है। भाजपा ने कहा कि वह एक नेशव एक इलेक्शन के पक्ष में है तो अब वह भाजपा के संकल्प पत्र में आ गया हो तो वह पूरा जरूर होगा। यूसीसी का वादा किया गया है तो वह भी पूरा किया जाएगा। भाजपा अपने घोषणा पत्र में जो कुछ कहती है, उसे पूरा जरूर करती है, भले उसमें कुछ वक्त लग जाए। भाजपा को बड़े वादे पूरे करने के लिए सही समय का इंतजार रहता है। वह समय जब भी आता है तब भाजपा अनपा वादा पूरा करती है, इससे भाजपा की साख बनी है और बढ़ी है।

डॉ . सूर्यकांत मिश्रा

17 अप्रैल रामनवमी

# आओ मनाएं अपने युग की पहली रामनवमी



राम नवमी का पर्व यूं तो हमारे लिए हजारों वर्षों से खुशियां लेकर आता रहा है । मैं इस वर्ष की राम नवमी के उत्साह में कुछ अधिक रोमांचित हूं । मेरा रोम - रोम प्रभु श्री राम के जन्म की खुशियां मनाने आल्हादित है । ऐसा नहीं कि इससे पूर्व मैंने मर्यादा पुरषोत्तम के प्राकट्य दिवस को उत्साह के साथ नहीं मनाया । मैं और मेरा परिवार " राम नवमीं " पर हमेशा से सत्य के मार्ग पर चलने वाले मर्यादा की प्रतिमूर्ति भगवान श्री राम की आराधना में लीन रहा है । इस बार मेरा मन कुछ अधिक प्रफुल्लित है । कारण आप सभी जानते हैं कि पांच सौ वर्षों के बाद हमने " रामलला " को उनकी गद्दी पर आसीन किया है । यही कारण है कि इस वर्ष की राम नवमी हमें अलग ही उत्साह के साथ प्रभु श्री राम के जन्म के आयोजन हेतु प्रेरणा प्रदान कर रही है । जहां तक मैं समझ पा रहा हूं आने वाली प्रत्येक राम नवमी अब कुछ न कुछ नवीनता का प्रतीक होगी । अभी रामलला का मंदिर विस्तार पा रहा है । हमारे देश के बड़े - बड़े वास्तुविद , आर्किटेक्चर और वैज्ञानिक मंदिर को एक नए आश्चर्य की सूची में शामिल करने रात - दिन एक कर रहे हैं ! ऐसी आशा भी बलवती होती दिख रही है कि अगले वर्ष या फिर इसी वर्ष की राम नवमीं श्रद्धालुओं को प्रभु श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या की ओर कूच करने विवश कर दे । कारण यह कि राम नवमी में अयोध्या पति भगवान श्री राम का पहली बार " सूर्याभिषेक " होगा ! वास्तुविदियों ने ऐसा चमत्कार करने का प्रयास किया है , जिससे सूर्य देव की सीधी किरणें रामलला पर पड़ेंगी , और श्रद्धालु अपने प्रभु श्री राम का सूर्याभिषेक देख सकेंगे । राम नवमी पर प्रति वर्ष दोपहर 12 बजे कुछ मिनटों के लिए रामलला सूर्य देव की किरणों से स्नान करते प्रतीत होंगे ! 12 बजे का समय भी वैज्ञानिकों और वास्तुविदों ने इसलिए तय किया , क्योंकि यही प्रभु श्री राम के जन्म का समय है । इसी समय अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट राजा दशरथ के महल में भगवान श्री राम की किलकारियों ने माता कौशल्या और पिता दशरथ को वह खुशियां प्रदान की थीं , जिसके लिए उन्होंने कई वर्षों तक जप और तप किया था । मंदिर निर्माण की जो गतिविधियां आम जनों तक पहुंच रही हैं उसके अनुसार भूतल के गर्भगृह में आठ फीट ऊंचे रामलला के माथे पर सूर्य देव की किरणे पहुंचें , इसके लिए वैज्ञानिकों ने अनेक अनुसंधान किए हैं ! इसी आठ फीट में 51 इंच अर्थात सवा चार फीट का श्री रामलला का विग्रह कमल दल का आकार लिए तैयार किया जा रहा है ! कमल दल के पेडस्टल पर 51 इंच ऊंचे रामलला के माथे पर जब सूर्य देव की किरणे अभिषेक करेंगी , तब वह क्षण श्रद्धालुओं को रोमांचित करने के साथ ही बेहद दुर्लभ दृश्य भी



निर्मित करेगा ! एस्ट्रो फिजिक्स के जानकार तथा अनेक देशों की शीर्षस्थ संस्थाओं के वैज्ञानिकों ने राम नवमी के दिन मंदिर के समीप सूर्य देव की स्थिति तथा कोणों का कई बार भौतिक रूप से सर्वेक्षण किया है ! रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के बाद पड़ने वाली पहली " राम नवमीं " भी आयोजन के संदर्भ में अलग दृश्य निर्मित करेगी ! राम नवमी 2024 , 17 अप्रैल के लिए अयोध्या नगरी को एक बार फिर से दुल्हन की तरह सजाया जाएगा । प्रभु श्री राम के जन्म दिवस को अविष्मरणीय बनाने ठीक उसी तरह तैयारी देखी जा रही है जैसी प्राण प्रतिष्ठा के समय सामने आई थी । यह भी माना जा रहा है कि केंद्र में सत्तासीन भाजपा की सरकार " राम नवमीं " को असाधारण आयोजन बनाने की जुगत में है । राम जन्म के समय की जाने वाली विशेष आरती में एक बार फिर भारत वर्ष के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सहभागिता सामने आ सकती है । हालांकि लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण भी ठीक दो दिन बाद 19 अप्रैल को संपन्न होना है । बावजूद इसके राम नवमीं के दिन देशवासी अपने घरों को दीपों की रोशनी से स्नान कराते नजर आएंगे । भगवान श्री राम के जन्म का जश्न मनाने वाला राम नवमीं का पर्व सदियों से उत्साह का संचार करता आ रहा है । मर्यादा पुरषोत्तम की शोभायात्रा हिंदुस्तान के छोटे से लेकर बड़े शहरों में अपने आराध्य के संदेशों को आमजनों तक पहुंचाती रही है । लोकसभा चुनाव के त्योहार के बीच अयोध्या की मंदिर निर्माण उपरांत पहली राम नवमीं में प्रधानमंत्री की संभावित यात्रा को लेकर अभी पुष्ट जानकारी नहीं है , किंतु ऐसा समझा जा रहा है कि इस अवसर को प्रधानमंत्री किसी भी दशा में गंवाना नहीं चाहेंगे । राम नवमीं के पावन पर्व पर इस बार पूरा देश जोश और उल्लास में दिखाई पड़ रहा है । हर घर दीपों की रोशनी के साथ भक्ति गीत , लालटेन उत्सव , राम चरित मानस का स - स्वर गायन जैसे आयोजन सामने आएंगे । मैं अपने पाठकों के साथ यह बात भी साझा करना चाहता हूं कि पूरे देश में अयोध्या के बाद और कौन - कौन से मंदिर हैं जहां प्रभु श्री राम के दर्शनार्थ श्रद्धालु उमड़ते रहे हैं । विशेष रूप से राम नवमीं के दिन श्री राम मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तगणों की भीड़ जुटती रही है । हमारे भारतवर्ष के अलग - अलग राज्यों में मर्यादा पुरषोत्तम के प्रसिद्ध मंदिर स्थापित हैं । विशेष रूप से नासिक का श्री कालाराम मंदिर , जहां प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पूजा अर्चना की थी । इसके साथ ही सोमनाथ , शिकोहाबाद और भीमाशंकर का श्री राम मंदिर भी प्रमुख स्थान रखता है । अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के साथ केरल का त्रिप्रायर श्री राम मंदिर भी भव्यता के लिए जाना जाता है । इस मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर प्रभु श्री राम के चारणों में प्रार्थना करते हैं । ऐसी किवदंती भी है कि केरल के त्रिप्रायर श्री राम मंदिर में मौजूद मर्यादा पुरषोत्तम की मूर्ति की पूजा स्वयं भगवान श्री कृष्ण करते हैं । भारतवर्ष के अलावा थाईलैंड , मलेशिया , लाओस ,कबोडिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में भगवान श्री राम के मंदिर और भक्तों की कमी नहीं है ! इन देशों में थाईलैंड सबसे अलग है । यहां श्री राम , रामायण और अयोध्या की तरह मंदिर के प्रतीक और स्थल मौजूद हैं । थाईलैंड में राम कथा को समेटे एक ग्रंथ का उल्लेख मिलता है । उक्त ग्रंथ को " रामाकीन " या " रामाकियेन " के नाम से जाना जाता है । इस शब्द का अर्थ " राम की कीर्ति " से लगाया जाता है । ग्रंथ में भगवान श्री राम , लक्ष्मण , माता सीता और महाबली हनुमान जी का जिक्र मिलता है । कहा जाता है कि थाईलैंड का यह ग्रंथ वाल्मीकि रामायण के जैसा ही है । इसे थाईलैंड संस्कृति में प्रमुख ग्रंथ का दर्जा दिया गया है । इतना ही नहीं थाईलैंड में एक प्रमुख शहर का नाम भी अयोध्या की तरह ही है । इसका नाम " अयुत्थ्या " है । कहा जाता है कि 15 वीं 16 वीं सदी में यह शहर सियान की राजधानी था ।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहे इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। कुछ दिनों से चल रही घरेलू समस्याएं आज खत्म होगी। राजनीति व सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी से लिए उधार से छुटकारा मिलेगा, आप राहत महसूस करेंगे।

मिथुन राशि- आज का दिन करियर में नया बदलाव लायेगा। आज नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि आपके परिवार में सुख-शांति बनाये रखेगी। आज बिजनेस के क्षेत्र में आपको बड़ा धन लाभ होगा। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन बेहतर है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन खास रहने वाला है। आपका ध्यान काम को पूरा करने में लगा रह सकता है। ऑफिस में किसी काम को लेकर थोड़ा विचार- विमर्श करना पड़ सकता है, शत्रुपक्ष आपकी योजनाओं से ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं। इस राशि के जो लोग अपना बिजनेस करते हैं, उन्हें मुनाफा मिलने की संभावना है।

कन्या राशि-आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आप परिवार के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने का प्लानिंग कर सकते हैं। आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा हो सकता है।

तुला राशि- आज आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढिय़ा है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में लंच करने जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आप किसी बात को लेकर उलझन में रहेंगे, जिसे आप अपने किसी ख़ास मित्र से शेयर भी करेंगे आपको राहत मिलेगी। परिवार के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्तों की बर्थडे पार्टी मे जाएंगे, जहां बाकी दोस्तों के साथ इंज्वाय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते है जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम भी करवा सकते हैं। कांट्रेक्टर के लिए आज का दिन धनलाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिजनेस मे फायदा करायेगा।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। आपका उत्साह भी बढ़ेगा। भाई-बहनों से आपको पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। आज घर में कोई फंक्शन होने से आपके शेड्यूल में बदलाव आ सकता है।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। किसी को उधार पैसा देने में सोच-विचार करना बेहतर रहेगा।

मीन राशि- आज आपको अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीज़ों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। परिवार में सदस्यों के साथ रिश्तों में सुधार होगा। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। माता का आशीर्वाद लें, तरक्की के नए रास्ते मिलेंगे।

व्यंग्य


# आर्टिफिशियल यायावरी

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त,



वातानुकूलित कमरे में बैठकर कश्मीर, हवादार खिड़कियों वाले कमरे में बैठकर हवामहल और चूल्हे की आग को देखकर चुरू के बारे में लिखने वाले एक महाशय को उनके यूट्यूब कार्यक्रम 'मुसाफिर हूँ यारों' के लिए सदी का श्रेष्ठ यायावर लेखक पुरस्कार प्राप्त हुआ। प्राकृतिक यायावरी करने वालों के बीच आर्टिफिशियल यायावरों का बड़ा बोलबाला है। ग्रीन पर्दे के आगे बैठकर दुनिया जहान की बातें करेंगे और थोड़ी देर में ग्रीन क्रोम को स्वैप क्रोम करते हुए पलक झपकते ही आपको सुंदर वादियों में ले चलेंगे। पुरस्कार प्राप्त होने पर मैंने महाशय से पूछा - मैंने कभी आपको घर से बाहर जाते हुए नहीं देखा। जब देखो तब दो-तीन छोटे-बड़े झरोखे वाली बनियाइन और धारीदार लुंगी में पड़े-पड़े खटिया तोड़ते हुए देखा है। आपको यायावरी का पुरस्कार प्राप्त होना मेरे लिए किसी आठवें अजूबे से कम नहीं है। दुनिया में सभी सवाल, जवाब नहीं होते। सवालों के नाम पर शक भी होते हैं। शक की गहराई अपमानित करने का बड़ा प्लाट होती है। वे मेरे आशय को समझ गए। उन्होंने कहा - यायावरी को पहले बड़ी चुनौती वाला काम समझता था। लेकिन यायावरी से पहले मैंने जो नौकरियाँ की हैं उसका खासा अनुभव मेरे काम आया। पहले मैं रियल इस्टेट में काम करता था। शहर से दूर जहाँ कोई आता जाता नहीं था उस जमीन को ग्राफिक्स के नाम पर थ्रीडी पिक्चर्स में ढालना, मक्खी निगलने वाले झूठ जैसे यहाँ से आठ लाइन सड़क का जाना, स्विमिंग पुल, अम्युजमेंट पार्क, जिम आदि के झूठे-झूठे चित्र बनाकर ग्राहकों को फांसना हमारे लिए बाएँ हाथ का खेल था। लेकिन इसमें मेरा फायदा कम मालिक का ज्यादा था। सो मैंने निर्णय किया कि अब से झूठ के बीज, झूठ की खेती और झूठ की फसल के जरिए सची-मुची वाला पैसा कमाऊँगा। मैंने कई यूट्युबरों को देखा है कि वे घर बैठे झूठ की कोठी उठा रहे हैं। एक में पाँच जोड़ना, अफवाहें फैलाना, बंगाली फकीरों-बाबाओं के धंधे खोलकर आम जिंदगी में विष घोलना और उसी के दम पर पैसे की उगाही करना मुझे भा गया। और तो और समाचार चैनलों के एंकरों ने जिस तरह से स्टूडियो में कुर्सियाँ तोड़ी हैं, उससे भी मैं बहुत प्रेरित हूँ। बेशक मैं बगल वाली गली के बारे में कुछ नहीं जानता, लेकिन स्विटजरलैंड की गलियों में घूमता नजर आता हूँ। दुनिया सच की नहीं ग्राफिक्स की दीवानी है। मैं तो कहता हूँ झूठ चाहे जितना बड़ा हो उसे प्रस्तुत करने की कला आ जाए तो लोग उसे सच मान जायेंगे। अब झूठ सूट-बूट पहनकर राज कर रहा है और सच नंगा-कंगाल होकर दर-दर की ठोकरें खा रहा है। लोगों को समझाने की नहीं बेवकूफ बनाने की जरूरत है। उनकी बेवकूफी में अपना फायदा हमेशा रहता है।

## दांतो की सफाई से नही होता कमजोर कई लोगो के बीच गलतफहमियां: डॉ.नवाज




मशीन द्वारा दांतो की सफाई से कई लोगो में भ्रांतियां रहती है की दांतो की सफाई कराने से दांत कमजोर हो जाएंगे,हिलने लगेंगे,पर ये यह सरासर गलत है लोगों को इन सब भ्रांतियां न पाले कोई भी दिक्कत होती है तो समय रहते डेंटिस्ट से दिखाना बहुत जरूरी है दांतों की सफाई (अल्ट्रासोनिक स्केलिंग/ओरल प्रोफिलैक्सिस) बिना किसी दुष्प्रभाव के एक सरल, दर्द रहित, नियमित प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया 100% लाभकारी है और बिल्कुल भी खतरनाक नहीं है।आजकल दांतों की सफाई एक वाइब्रेटरी मशीन से की जाती है जिसे अल्ट्रासोनिक स्केलर कहते हैं। यह सिर्फ 25000 अल्ट्रासोनिक कंपन पैदा करता है जो दांतों की सतही परत से दाग, प्लाक, कैलकुलस और टार्टर को धीरे से हटाती है। इससे कोई नुकसान नहीं होता है क्योंकि इनेमल (दांत की सबसे बाहरी परत) बहुत मजबूत और अत्यधिक कैल्सीफाइड होती है, यहां तक कि हड्डी से भी अधिक मजबूत होती है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए हर 6 महीने में दांतों की सफाई करना पूरी तरह से सुरक्षित है।पेशेवर दांतों की सफाई की सिफारिश की जाती है क्योंकि कुछ क्षेत्र जैसे सबजिवल (मसूड़ों के नीचे), इंटरडेंटल (दो दांतों के बीच), लिंगुअल और तालु की सतह तक टूथब्रश की पहुंच नहीं होती है। अल्ट्रासोनिक दांतों की सफाई से दांतों में कोई संवेदनशीलता, हिलना या दूरी नहीं होती है। इसके अलावा, ज़्यादा ब्रश करने या ज़ोर से ब्रश करने,या दातुन जायदा देर तक करने से इनेमल और मसूड़ों को नुकसान पहुंचता है। दांतों को सफेद करने की प्रक्रियाएं (डेंटल ब्लीचिंग) निश्चित रूप से कुछ मामलों में दांतों की संवेदनशीलता, मसूड़ों में जलन और बाहरी दांतों के मलिनकिरण का कारण बन सकती हैं। दांतों को सफेद करने में रसायन शामिल होते हैं जो इसे हानिकारक बनाते हैं जबकि अल्ट्रासोनिक दांतों की सफाई में केवल कुछ कंपन और पानी शामिल होता है। आप ब्रश से दाग, पथरी और टार्टर को नहीं हटा सकते। आप केवल प्लाक हटा सकते हैं जो हर 8-12 घंटे में जमा होता है। यही कारण है कि दिन में दो बार ब्रश करने की सलाह दी जाती है।

संजीव ठाकुर

आठवां दिन

# पवित्र नवरात्रि के आठवें दिन आदि शक्ति माँ दुर्गा के महागौरी स्वरूप की उपासना



माँ दुर्गा का अष्टम रूप महागौरी हैं। महागौरी की चार भुजाएं हैं उनकी दायीं भुजा अभय मुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में त्रिशूल शोभता है। बायीं भुजा में डमरू डम डम बज रहा है और नीचे वाली भुजा से देवी गौरी भक्तों की प्रार्थना सुनकर वरदान देती हैं। जो स्त्री इस देवी की पूजा भक्ति भाव सहित करती हैं उनके सुहाग की रक्षा देवी स्वयं करती हैं। कुंवारी लड़की मां की पूजा करती हैं तो उसे योग्य पति प्राप्त होता है। पुरूष जो देवी गौरी की पूजा करते हैं उनका जीवन सुखमय रहता है देवी उनके पापों को जला देती हैं और शुद्ध अंतःकरण देती हैं। मां अपने भक्तों को अक्षय आनंद और तेज प्रदान करती हैं। इनका वर्ण पूर्णतः गौर है, इसलिए ये महागौरी कहलाती हैं। नवरात्रि के अष्टम दिन इनका पूजन किया जाता है। इनकी उपासना से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। माँ महागौरी की आराधना से किसी प्रकार के रूप और मनोवांछित फल प्राप्त किया जा सकता है। उजले वस्त्र धारण किये हुए महादेव को आनंद देवे वाली शुद्धता मूर्ती देवी महागौरी मंगलदायिनी हैं।

इनका वर्ण पूर्णतः गौर है। इस गौरता की उपमा शंख, चन्द्र और कून्द के फूल से की गयी है। इनका दाहिना ऊपरी हाथ में अभय मुद्रा में और निचले दाहिने हाथ में त्रिशूल है। बांये ऊपर वाले हाथ में डमरू और बांया नीचे वाला हाथ वर की शान्त मुद्रा में है। पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि व्रियेअहं वरदं शम्भुं नान्यं देवं महेश्वरात्। गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार इन्होंने शिव के वरण के लिए कठोर तपस्या का संकल्प लिया था जिससे इनका शरीर काला पड़ गया था। इनकी तपस्या से प्रसन्न होकर जब शिव जी ने इनके शरीर को पवित्र गंगाजल से मलकर धोया तब वह विद्युत के समान अत्यन्त कांतिमान गौर हो गया, तभी से इनका नाम गौरी पड़ा।

महागौरी आदी शक्ति हैं इनके तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाश-मान होता है इनकी शक्ति अमोघ फलदायिनी है। माँ महागौरी की अराधना से भक्तों को सभी कष्ट दूर हो जाते हैं तथा देवी का भक्त जीवन में पवित्र और अक्षय पुण्यों का अधिकारी बनता है।

दुर्गा सप्तशती में शुभ निशुम्भ से पराजित होकर गंगा के तट पर जिस देवी की प्रार्थना देवतागण कर रहे थे वह महागौरी हैं। देवी गौरी के अंश से ही कौशिकी का जन्म हुआ जिसने शुम्भ निशुम्भ के प्रकोप से देवताओं को मुक्त कराया। यह देवी गौरी शिव की पत्नी हैं यही शिवा और शाम्भवी के नाम से भी पूजित होती हैं।

### माँ महागौरी पूजा विधि

नवरात्रे के दसों दिन कुवारी कन्या भोजन कराने का विधान है परंतु अष्टमी के दिन का विशेष महत्व है। इस दिन महिलाएं अपने सुहाग के लिए देवी मां को चुनरी भेंट करती हैं। देवी गौरी की पूजा का विधान भी पूर्ववत है अर्थात जिस प्रकार सप्तमी तिथि तक आपने मां की



पूजा की है उसी प्रकार अष्टमी के दिन भी देवी की पंचोपचार सहित पूजा करें। महागौरी रूप में देवी करूणामयी, स्नेहमयी, शांत और मृदुल दिखती हैं।

### माँ महागौरी की कथा

देवी पार्वती रूप में इन्होंने भगवान शिव को पति-रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी, एक बार भगवान भोलेनाथ ने पार्वती जी को देखकर कुछ कह देते हैं। जिससे देवी के मन का आहत होता है और पार्वती जी तपस्या में लीन हो जाती हैं। इस प्रकार वषों तक कठोर तपस्या करने पर जब पार्वती नहीं आती तो पार्वती को खोजते हुए भगवान शिव उनके पास पहुँचते हैं वहां पहुंचे तो वहां पार्वती को देखकर आश्चर्य चकित रह जाते हैं। पार्वती जी का रंग अत्यंत ओजपूर्ण होता है, उनकी छटा चांदनी के सामन श्वेत और कुन्द के फूल के समान धवल दिखाई पड़ती है, उनके वस्त्र और आभूषण से प्रसन्न होकर देवी उमा को गौर वर्ण का वरदान देते हैं। एक कथा अनुसार भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए देवी ने कठोर तपस्या की थी जिससे इनका शरीर काला पड़ जाता है। देवी की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान इन्हें स्वीकार करते हैं और शिव जी इनके शरीर को गंगा-जल से धोते हैं तब देवी विद्युत के समान अत्यंत कांतिमान गौर वर्ण की हो जाती हैं तथा तभी से इनका नाम गौरी पड़ा। महागौरी जी से संबंधित एक अन्य कथा भी प्रचलित है इसके जिसके अनुसार, एक सिंह काफी भूखा था, वह भोजन की तलाश में वहां पहुंचा जहां देवी उमा तपस्या कर रही होती हैं। देवी को देखकर सिंह की भूख बढ़ गयी परंतु वह देवी के तपस्या से उठने का इंतजार करते हुए वहीं बैठ गया। इस इंतजार में वह काफी कमज़ोर हो गया। देवी जब तप से उठी तो सिंह की दशा देखकर उन्हें उस पर बहुत दया आती है, और माँ उसे अपना सवारी बना लेती हैं क्योंकि एक प्रकार से उसने भी तपस्या की थी। इसलिए देवी गौरी का वाहन बैल और सिंह दोनों ही हैं। देवी महागौरी का ध्यान, स्त्रोत पाठ और कवच का पाठ करने से 'सोमचक्र' जाग्रत होता है जिससे संकट से मुक्ति मिलती है और धन, सम्पत्ति और श्री की वृध्दि होती है। इनका वाहन वृषभ है।

### दुर्भाग्य नाशक उपाय

महागौरी के स्वरूप को दूध से भरी कटोरी में विराजित कर चांदी का सिक्का चढ़ाएं। फिर सिक्के को धोकर हमेशा अपनी जेब में रखें इससे धन संबंधित संमस्या में कमी आएगी।

पानी वाले नारियल को सिर से 11 बार घुमाकर बहते हुए जल में प्रवाहित करने से मनचाही इच्छाएं पूरी होंगी। पीपल के ग्यारह पत्ते लें। उन पर राम नाम लिखें पत्तों की माला बनाकर हनुमानजी को पहना दें। इससे सभी प्रकार की परेशानियां दूर होती हैं।

किसी एक खाली या शांत कमरे में उत्तर की दिशा की ओर अपना मुंह करके पीले आसन पर बैठ जाएं। अपने सामने तेल के 9 दीपक जलाएं और ये साधनाकाल तक जलते रहने चाहिए। इन 9 दीपकों के सामने लाल चावल की एक ढेरी बनाकर उस पर एक श्रीयंत्र रख लें। इस श्रीयंत्र का कुंकुम, फूल, धूप, तथा दीप से पूजन करें। इस पूरी क्रिया के बाद एक प्लेट पर स्वस्तिक बनाकर उसका पूजन करें। अब इस श्रीयंत्र को अपने घर के पूजा स्थल में स्थापित कर दें तथा शेष सामग्री को नदी में प्रवाहित कर दें। इस प्रयोग से आपको जल्दी ही अचानक धन लाभ होगा। दुर्गाष्टमी हवन के साथ मंत्र को पढ़ते हुए 108 बार अग्नि में घी से आहुतियां दें। इससे यह मंत्र सिद्ध हो जाएगा। इसके बाद रोजाना नित्य सुबह उठकर पूजा के समय इस मंत्र का 21 बार जप अवश्य करें। यदि संभव हो तो अपने परिवारजन से भी इस मंत्र का जप करने के लिए कहें। इससे जीवन भर परिवार में मधुर संबंध बने रहेंगे। यदि आपका विवाह न हो रहा हो या आपके परिवार में किसी का विवाह विलम्ब से हो रहा हो या आपके वैवाहिक जीवन में तनाव है तो यह उपाय बहुत लाभदाय होगा। यह उपाय किसी भी शुक्ल पक्ष की अष्टमी को या नवरात्र की अष्टमी को रात्रि 10 बजे से 12 बजे के बीच में शरु करना चाहिए और नियमित 43 दिन तक करें। अपने सोने वाले कमरे में एक चौकी बिछा तांबे का पात्र रख उसमें जल भर दें। पात्र के अंदर आठ लौंग, आठ हल्दी, आठ साबुत सुपारी, आठ छुआरे, इन सारे सामान को डाल दें। आम के पांच पत्ते दबा कर जटा वाला नारियल पात्र के ऊपर रख दें। वहीं आसन बिछा कर घी का दीपक जलाएं, श्रद्धापूर्वक धूप-दीप अक्षत पुष्प और नैवेद्य अपिर्त करने के उपरांत पांच माला माँ गौरी के मंत्र ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे। ॐ महागौरी देव्यै नमः की और एक माला शनि पत्नी नाम स्तुति की करें और रात्रि भूमि शयन करें। प्रातः काल मौन रहते हुए यह सारी सामग्री किसी जलाशय या बहते हुए पानी में प्रवाह कर दें। वैवाहिक समस्याओं का निवारण हो जाएगा। भक्तों द्वारा महागौरी की उपासना करने से सभी अभीष्ट की प्राप्ति होती है।

**जय जय जय माता दी।**

**एक नजर**

## होम वोटिंग : 329 वरिष्ठ एवं दिव्यांगों ने किया डाक मतपत्र से मतदान

**कांकेर, 16 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 अंतर्गत कांकेर जिले के अनुपस्थित मतदाता श्रेणी में 85 वर्ष से अधिक आयु एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं का डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग कार्य आज संपन्न हुआ। डाक मतपत्र के नोडल अधिकारी एवं सीईओ जिला पंचायत श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि जिले में स्थिति तीनो विधानसभा क्षेत्रों में 14 अप्रैल से 16 अप्रैल के बीच डाक मतपत्र से होम वोटिंग की सुविधा दी गई थी। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में जिले के कुल 340 मतदाताओं में से 329 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यानी इस श्रेणी में आने वाले 96.76 प्रतिशत मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए अपने घर पर मतदान किया। जिसमें 85 आयुवर्ग से अधिक के 212 और 329 दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले के विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़ में कुल 25 मतदाताओं में से सभी ने मतदान किया, जिसमें 85 आयुवर्ग से अधिक 20 एवं 05 दिव्यांग मतदाता शामिल थे। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र 80-भानुप्रतापपुर में कुल 191 के लक्ष्य के विरूद्ध 184 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें 85 आयुवर्ग से अधिक के 113 एवं 71 दिव्यांग मतदाता सम्मिलित थे। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र 81-कांकेर में कुल 124 में से 120 मतदाताओं ने डाक मतपत्र से वोट डालकर मतदान किया, जिसमें 85 आयुवर्ग से अधिक के 79 एवं 41 दिव्यांग मतदाता शामिल रहे।

ज्ञात हो कि होम वोटिंग के लिए कांकेर जिले के विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़ में 05 दल, विधानसभा क्षेत्र-80 भानुप्रतापपुर में 10 दल एवं विधानसभा क्षेत्र 81-कांकेर में 07 दल इस प्रकार कुल 22 मतदान दलों का गठन किया गया था। 05 सदस्यीय मतदान दलों में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, माइक्रो ऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफरों को शामिल किया गया था। सभी मतदान दलों ने अनुपस्थित श्रेणी के मतदाताओं से मतदान कराने शहरी क्षेत्र सहित दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित पहुंचविहीन गांवों में भी दुर्गम रास्तों से गुजर कर सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराया। इस प्रकार तीन दिनों में 340 में से 329 मतदाताओं ने डाक मतपत्र से मतदान किया।

## निर्वाचन आयोग की पहल से दिव्यांग मतदाताओं को मिल रही बड़ी राहत

**कांकेर, 16 अप्रैल ।** लोकतंत्र के महापर्व में कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रहे, इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 85 से अधिक आयु वाले एवं 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा दी जा रही है। आयोग की इस संवेदनशील पहल से जिले के ऐसे मतदाता जो मतदान केन्द्र तक पहुंचकर वोट नहीं कर पाते, उन्हें बहुत बड़ी राहत मिल रही है। अब वे घर पर ही मतदान कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रहे हैं। ऐसे ही मतदाता भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पर्रेकोड़े निवासी 21 वर्षीय कु. मधु कौड़ो भी हैं, जिन्होंने होम वोटिंग के पहले दिन 14 अप्रैल 2024 को घर पर मतदान किया। उनकी भाभी श्रीमती चमकी बाई कौड़ो ने सहायक के रूप में उन्हें मतदान करने में मदद की। श्रीमती चमकी बाई ने बताया कि मधु कौड़ो 85 प्रतिशत दिव्यांग है और बिना सहारे के चलने-फिरने और अन्य दैनिक कार्य करने में असमर्थ हैं, जिसके घर से बाहर कहीं आ-जा नहीं पाती हैं। पिछले वर्ष 2023 में विधानसभा निर्वाचन में भी वह डाकमत पत्र के जरिए पहली बार मतदान किया था।

दुखिया उसेण्डी ने पहली बार डाक मतपत्र के जरिए किया मतदान -इसी प्रकार ग्राम भानुप्रतापपुर के ग्राम तमोड़ा निवासी 36 वर्षीय सुश्री दुखिया उसेण्डी 70 प्रतिशत दिव्यांग महिला मतदाता हैं, जिन्होंने पहली बार डाक मतपत्र से लोकसभा निवार्चन के लिए मतदान किया। सुश्री दुखिया उसेण्डी द्वारा डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया पूरी करने में असमर्थ होने पर मतदान दल ने इसके लिए उनके भाई परमेश्वर को सहायक के रूप में मान्य करते हुए मतदान करने में उनकी मदद की। दिव्यांग मतदाताओं के परिजनों ने घर पर ही मतदान करने की सुविधा मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्वाचन आयोग और मतदान दल के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार जताया।

# वन मंत्री और केदार कश्यप ने जनसंपर्क कर बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर, 16 अप्रैल।** वन मंत्री और नारायणपुर विधायक केदार कश्यप द्वारा लगातार विधानसभा क्षेत्रों में जनता के बीच पहुंचकर मोदी सरकार के 10 वर्षों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी देते हुए जनसंपर्क किया जा रहा है। उसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़ के वनमंत्री और विधायक केदार कश्यप ने नारायणपुर भाजपा कार्यालय से नगर के विभिन्न चौक चौराहो और वार्डो में जाकर जनसंपर्क कर बस्तर लोकसभा प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में चुनाव प्रचार किया और 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

इस दौरान मंत्री केदार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास और सुशासन के लक्ष्य के साथ जनहित के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किये गए एतिहासिक कार्यों और निर्णयों से भारत ने अपनी एक अलग पहचान पुरे विश्व में प्रस्तुत की है। केन्द्रीय बजट में भी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कई घोशनाएँ एवं योजनाओं को समाहित करना छत्तीसगढ़ के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने जनता से कहा कि एक बार पुनः आप सभी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर डबल इंजन की सरकार बनायें ताकि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस शासन में रुके विकास कार्यों को गति मिल सके।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता एवं राष्ट्र सेवा की भावना से आज हमारा भारत निरंतर प्रगति कर रहा है। विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लिए उनके प्रयासों से छत्तीसगढ़ के विकास को नई गति मिली है। उज्ज्वला योजना, आवास योजना, मातृत्व वंदना योजना, ईज्जत घर, लखपति दीदी और ड्रोन दीदी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने का उनका प्रयास आज सार्थक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने भी मोदी की गारंटी में निहित अपने वादों को पूरा कर रही है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये की दूसरी किशत भी उन्हें जारी कर विपक्षी पार्टी द्वारा फैलाये जा रहे भ्रम को खत्म किया है। किसानों को उनके फसल का उचित दाम मिल रहा है,आवास योजना से वंचित 18 लाख परिवारों को उनका आधार मिल रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम, विधानसभा प्रभारी मनोज जैन सहित भाजपा पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कस्तुरी में 150 कांग्रेस और सीपीआई के कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,16 अप्रैल।** कस्तूरी, रेडिपाल, गंजेनार के 150 से अधिक कांग्रेस और सीपीआई के कार्यकर्ताओं ने महतारी वंदन 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, फसल भीमा योजना, आयुष्मान, उज्वला योजना जैसे योजनाओं से प्रभावित होकर 150 से अधिक लोगो ने भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष हूंगाराम मरकाम के हाथों भाजपा का दामन थामा । जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पार्वती प्रधानी ने कहा देश में जानता कांग्रेस को नकार चुकी है अब सुकमा छिंदगढ़ में भी जानता का मोह भंग हो रहा है ।भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पार्वती प्रधानी का धुआँधार प्रचार कस्तूरी, गुम्मा, कुमाकोलेन, पुसपाल मे कर रहे है कस्तूरी में प्रवेश कार्यक्रम में 150 से अधिक लोगो ने भाजपा प्रदेश किया ।धनीराम बारसे व पार्वती प्रधानी ने कहा कांग्रेस ने 70 साल तक जानता को ठगने का काम किया है 70 साल तक गांव तक सड़क नही पहुंचाया पानी, स्कूल अन्य सुविधा से देश के जानता वंचित किया है भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया 15 वर्ष तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह सुकमा जिला बनाया सुकमा को ऐजुकेशन से जोड़ने का काम किया है हर गांव तक सडक बिजली पानी पहुंच रहा है ।प्रवेश कार्यक्रम में उपस्थित रहे भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे, पूर्व जिला अध्यक्ष हुंगाराम मरकाम, जिला उपाध्यक्ष नूपुर वैदिक, मंडल अध्यक्ष अमर पोयाम, मंडल महामंत्री राजेश पुजारी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पार्वती प्रधानी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण नाग, जिला मीडिया प्रभारी रमेश यादव, जोगाराम बारसे, रामलाल ध्रुव, लेबोराम नाग, दिनेश महेश्वरी, केनि बघेल, डी राजेश चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## विधानसभा के बाद अब लोकसभा निर्वाचन में भी किया घर में मतदान

**कांकेर।** मतदान को लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण और सर्वोच्च प्राथमिकता वाला अधिकार और कर्तव्य माना जाता है, जिसके माध्यम से समाज और देश की दशा और दिशा तय होती है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवा के साथ-साथ बुजुर्गों का भी विशेष योगदान रहता है जो इसके महत्व को समझते हुए अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। ऐसी ही ज्वलंत मिसाल अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में स्थित ग्राम कौड़ो खसगांव में देखने को मिली, जहां 103 साल की वयोवृद्ध मतदाता श्रीमती बुधियारिन बाई कौड़ो ने डाक मतपत्र से रविवार 14 अप्रैल को मतदान किया।उन्होंने डाक मतपत्र से मतदान दूसरी बार किया। आज से लगभग छह माह पहले विधानसभा आम निर्वाचन के तहत अक्टूबर 2023 में भी श्रीमती बुधियारिन ने वोट डाला था। उम्रदराजी को दरकिनार कर उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाई, जो ऐसे मतदाताओं के लिए ज्वलंत उदाहरण हैं जिन्होंने मताधिकार के प्रति अपने कर्तव्य को प्राथमिकता नहीं देते। कल 14 अप्रैल को भी मतदान दल उनके घर पहुंचा जहां पर उन्होंने लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत डाक मतपत्र से वोट डाला। पिछली बार की तरह इस बार भी बुधियारिन बाई की बूढ़ी आंखों में एक जागरूक व जिम्मेदार नागरिक होने का आत्मविश्वास छलक रहा था। परिजनों ने बताया कि पिछले कुछ सालों से शारीरिक क्षीणता व अस्वस्थता के चलते वह मतदान केन्द्र में जाकर वोट नहीं डाल पाती थीं। अब घर बैठे डाक मतपत्र से वोटिंग की सुविधा बहुत ही अच्छी है जिसके कारण आज वह मतदान करने में सहज महसूस कर रही हैं।

# स्कूल परिसर में शराबखोरी की थाने में हुई शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**चारामा,16 अप्रैल।** नगर में पुलिस थाने के पास ही स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के शिक्षकों ने स्कूल परिसर में शराबखोरी किये जाने की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में कहा गया है कि थाना के समीप स्थित शासकीय स्कूल में प्राथमिक, माध्यमिक एवं अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं संचालित होती है जहां आये दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा रात में शाला परिसर में शराबखोरी करते हुए शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार



ऐसी घटनाओं की शिकायतें पूर्व में भी की जा चुकी है परन्तु ठोक कार्यवाही नही होने के कारण असामाजिक तत्वों के हौसलें बुलंद है और वे बेखौफ होकर शाला परिसर में रात होते ही अवैध रूप से प्रवेश कर शराबखोरी एवं तोडफोड़ करते रहते है। उल्लेखनीय है कि आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा के द्वितीय चरण के लिए मतदान होना है और इसी स्कूल में मतदान केन्द्र भी बनाया गया है। इसलिए मतदान दिवस से पूर्व ही स्कूल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है जिससे मतदान कर्मी निर्भीक होकर मतदान के कार्य को सम्पन्न करा सके।

### समीक्षा बैठक

**जगदलपुर 16 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा जगदलपुर, बस्तर, चित्रकोट और आंशिक नारायणपुर विधानसभा की मतदान केंद्रों तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने कहा कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ निर्वाचन की समस्त व्यवस्था को पूर्ण कर अधिक से अधिक मतदाता को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत को बढ़ाये।

# चार दिवसीय बैसाखी पर्व को सिख समुदाय ने हर्षोल्लास से मनाया

**जगदलपुर ,16 अप्रैल।** सिख धर्म के दसवे गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी ने 13 अप्रैल 1699 को खालसा पंथ की स्थापना की थी और पांच प्यार को अमृत पिलाया था । पंज प्यारे उन पाँच सिखों को कहते हैं, जो गुरु गोविन्द सिंह के आह्वान पर धर्म की रक्षा के लिये अपना-अपना सिर कटवाने के लिये सहर्ष तैयार हुए थे। पंच प्यारे ही सम्पूर्ण सिख समाज का सामूहिक प्रतिनिधित्व करते हैं।

बैसाखी पर्व फसल के पकाने, पारंपरिक रीति रिवाज और सिख समुदाय के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इस महीने में रबी की फसल पककर पूरी तरह से तैयार हो जाती है और उनकी कटाई भी शुरू हो जाती है। इसीलिए बैसाखी को फसल पकने और सिख धर्म की स्थापना के रूप में मनाया जाता है।

श्री गुरूसिंघ सभा जगदलपुर के अध्यक्ष स्वर्ण सिंह एवं सचिव बलविंदर सिंह हमारे संवाददाता को बताया कि शहर के शांति नगर स्थित गुरुद्वारा में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक बैसाखी पर्व के उपलक्ष में चार दिवसीय महान गुरमत समागम, अमृत संचार कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसकी शुरूवात अखंड पाठ से हुआ। जिसकी समाप्ति 13 अप्रैल को हुई । इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना हुई थी, जिसे सिख समाज बैसाखी पर्व के रूप में मनाता है । तीन दिन तक अखंड पाठ के साथ साथ दिल्ली के गुरु घर से आए कीर्तनी भाई जसप्रीत सिंघ ने संगत को गुरु की वाणी सुन कर निहाल किया । साथ ही गुरू का लंगर को सिख समुदाय



के साथ अन्य धर्म के लोगों ने भी ग्रहण किया। अंतिम दिन 14 अप्रैल को भोपाल से पधारे पंज प्यारेओ ने सिख समाज के 84 लोगों (इसमें पुरुष, महिला व बच्चे शामिल है) को गुरु का अमृत पिलाकर सिख धर्म के सिद्धांतों पर चलना बताया । जगदलपुर शहर में यह पहला अवसर है जब सिख समाज के इतने सारे लोगों ने गुरू का अमृत ग्रहण किया। इस के साथ ही चार दिवसीय वैसाखी पर्व भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ।

### पंज प्यारे का चुनाव कैसे हुआ

ऐसा माना जाता है कि जब मुगल शासनकाल के दौरान जब बादशाह औरंगजेब का आतंक बढ़ता ही जा रहा था। तब उस समय सिख धर्म के गुरु गोबिन्द सिंह ने बैसाखी पर्व पर आनन्दपुर साहिब के विशाल मैदान में सिख समुदाय के लिए एक विशाल आमसभा और तख्त के पीछे एक तम्बू लगाया गया। उस समय गुरु गोबिन्द सिंह नंगी तलवार लिए मंच पर पहुँचे और उन्होंने ऐलान किया मुझे एक आदमी का सिर चाहिए। क्या आप में से कोई अपना सिर दे सकता है? यह सुनते ही वहा उपस्थित सिख दयासिंह (पूर्वनाम दयाराम) नामक एक व्यक्ति आगे आया जो लाहौर निवासी था और बोला आप मेरा सिर ले सकते हैं। गुरुदेव उसे पास ही बनाए गए तम्बू में ले गए। कुछ देर बाद तम्बू से गुरु गोबिन्द सिंह बाहर आए, नंगी तलवार से ताजा खून टपक रहा था। उन्होंने फिर ऐलान किया मुझे एक और सिर चाहिए। मेरी तलवार अभी प्यासी है। इस बार दूसरा सिख धर्मदास (उर्फ़ धरम सिंह नागर) आगे आये, जो मेरठ जिले के सैफपुर करमचंदपुर (हस्तिनापुर के पास) गाँव के निवासी थे। यह जाति से गुर्जर थे। गुरुसाहिब उन्हें भी तम्बू में ले गए। फिर बाहर आकर गुरु गोबिन्द सिंह ने अपनी तलवार की प्यास बुझाने के लिए एक और व्यक्ति के सिर की माँग की। इस बार जगन्नाथ पुरी के सिख हिम्मत राय (उर्फ़ हिम्मत सिंह) खड़े हुए। गुरुजी उन्हें भी तम्बू में ले गए। गुरुसाहिब पुनः बाहर आए और एक और सिर की माँग की तब द्वारका के सिख युवक मोहकम चन्द (उर्फ़ मोहकम सिंह) आगे आए। इसी तरह पाँचवी बार फिर गुरुसाहिब द्वारा सिर माँगने पर बीदर निवासी साहिब चन्द सिर देने के लिए आगे आये। मैदान में इतने सिक्खों के होने के बाद भी वहाँ सन्नाटा पसर हुआ था, सभी एक-दूसरे का मुँह देख रहे थे। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। तभी तम्बू से गुरु गोबिन्द सिंह जी केसरिया बाणा पहने पाँच सिक्ख खालसा के साथ बाहर आए। पाँचों नौजवान वही थे, जिनके सिर के लिए गोबिन्द सिंह तम्बू में ले गए थे। गुरुसाहिब और पाँचों नौजवान मंच पर आए, गुरुसाहिब तख्त पर बैठ गए। पाँचों नौजवानों ने कहा गुरुसाहिब हमारे सिर काटने के लिए हमें तम्बू में नहीं ले गए थे, बल्कि वह हमारी परीक्षा थी। तब गुरुसाहिब ने वहाँ उपस्थित सिक्खों से कहा आज से ये पाँचों मेरे पंज प्यारे हैं। इस

## निर्वाचन दायित्व में लापरवाही बरतने पर पंचायत सचिव साई श्रीनिवास तत्काल प्रभाव से निलंबित

**सुकमा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुकमा श्री लक्ष्मण तिवारी द्वारा जनपद पंचायत कोन्टा के पंचायत सचिव मूलाकिसोली साई श्रीनिवास को लोकसभा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने सहित आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने और उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के कारण सम्बन्धित के कृत्य को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के तहत विपरीत पाए जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील नियम) 1999 के तहत श्री सांई श्रीनिवास सचिव ग्राम पंचायत मूलाकिसोली, जनपद पंचायत कोन्टा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सम्बन्धित का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत सुकमा निर्धारित किया गया है तथा निलंबन अवधि में सम्बन्धित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। श्री सांई श्रीनिवास सचिव ग्राम पंचायत मूलाकिसोली, जनपद पंचायत कोन्टा के निलंबन अवधि में ग्राम पंचायत मूलाकिसोली का अतिरिक्त प्रभार श्री पी0 मधुसूदन राव सचिव ग्राम पंचायत दरभागुड़ा जनपद पंचायत कोन्टा को सौंपा गया है।

## मतदान सबसे महत्वपूर्ण अधिकार, मतदाता इसकी ताकत को पहचानें : कलेक्टर

**सुकमा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस स्वीप कार्यक्रम में ''माई वोट, माई राइट'' की थीम पर रंगोली, चित्रकला, मानव श्रृंखला बनाकर 19 अप्रैल 2024 को लोकतंत्र के महापर्व में शत-प्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया गया। मतदाता जागरुकता संबन्धित जैसे




सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक की मनमोहक प्रस्तुति के जरिए ''शत प्रतिशत मतदान, सुकमा का अभिमान'' और नन्ना वोट ईतन, सुकमातिन विकास कीतन, तुमचो मत,तुमचो अधिकार का पोस्टर के साथ संदेश देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए सभी को शपथ दिलाई।कलेक्टर श्री हरिस. एस एवम् एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण ने विद्यार्थियों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग का अवलोकन किया तथा सराहना की। उन्होंने ''यस टू वोट, नो टू नोट'' सेल्फी बूथ में सेल्फी भी खिंचाई। उन्होंने कहा कि मतदान के महत्व के संबंध में जानकारी देना है और उन्हें निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जागरूक होकर मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित करना है कि वे मतदान के दिन मतदान केन्द्र में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।इस कार्यक्रम में नगरीय निकाय, जनपद पंचायत, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, नव वर-वधु, नर्सिंग कॉलेज, मितानिन, नागरिकगण सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण शामिल हुए।मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाया सिग्नेचर कैंपेन - ''मेरा वोट, मेरा अधिकार'' थीम पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिले में मतदाताओं को जागरूकता के लिए आयोजित कार्यक्रम में सिग्नेचर कैंपेन चलाया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस.एस ने सिग्नेचर कैंपेन की शुरुआत की। एसपी श्री किरण गंगाराम चव्हाण, जिला पंचायत सीईओ श्री लक्ष्मण तिवारी, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल, तहसीलदार सहित ज़िला स्तरीय अन्य पदाधिकारियों सहित नागरिकों के द्वारा सिग्नेचर करते हुए मतदाता जागरूकता के लिए संदेश दिया गया। आम जनता को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

## रामनवमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**सुकमा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री रामनवमीं के शुभ अवसर पर सुकमा शहर में भव्य एवं दिव्य संगीतमय शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष विशाल शोभा यात्रा के मुख्य आकर्षण के रूप में भगवान श्री राम जी की झांकी के साथ विशाल एवं दिव्य शोभा यात्रा प्रारंभ होगी,और साथ में महाराष्ट्र से आरंभ ढ़ोल ताशाएवं हरियाणा से शिव अघोरी झांकी ग्रुप अपनी मनमोहक प्रस्तुति देने सुकमा आ रही है विशाल शोभा यात्रा भगवान श्री राम मंदिर के प्रांगढ़ से प्रारंभ हो कर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुये राजवाड़ा के शीतला माता मंदिर में समापन होगी समाप्ति पशचात श्री राम प्रसादी विशाल भंडारे का वितरण, राजवाड़ा स्थित शीतला माता मंदिर में किया जायेगा। आप सभी सनातनी माताओं एवं बंधुओं से निवेदन है कि ÷सुकमा शहर की इस ऐतिहासिक एवं भव्य रामनवमी÷ के अवसर पर पूरे परिवार सहित उपस्थिति होकर हमारे सनातन धर्म के इस भव्य आयोजन के साक्षि बनें एवं इस आयोजन को भव्य रूप से सफल बनाएं।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियो ने किया चैत्री छट का समापन



**पत्थलगांव, 16 अप्रैल।** उगते सूर्य को व्रतियों द्वारा अर्घ्य देकर चैत्री छट का समापन किया। सोमवार को सैकडो व्रतियों ने यहा के अनेक छट घाटो मे उगते सूर्य को अर्घ्य दिया,जिसके बाद चार दिवसीय इस महापर्व का समापन हुआ। यहा के किलकिलेश्वर धाम मे उगते सूर्य को अर्घ्य देने सैकडो की संख्या मे व्रती पहुंचे हुये थे,इस पर्व की शुरूवात नहाय खाये के साथ शुक्रवार को हुयी थी,पहला दिन व्रतियो ने नहाय खाये से पर्व की शुरूवात की,दूसरे दिन खरना के साथ उपवास का क्रम शुरू हुआ। तीसरे दिन छट घाटो मे डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया था,सोमवार को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। दरअसल यह महापर्व साल मे दो बार मनाया जाता है,चैत्री छट भी बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। भगवान सूर्य से परिवार की सुख समृद्धि के लिए सैकडो व्रतियों ने कामना की। आज ठेकुआ, रोटी,खीर,फ्ल,मिठाई का प्रसाद बांटकर छटी महापर्व की खुशिंया बांटी गयी। प्रेम चाय वाले ने बताया कि यह त्यौहार सुख समृद्धि की कामना को लेकर मनाया जाता है,जिसकी शुरूवात एवं समापन भगवान सूर्य की उपासना के साथ की जाती है। उन्होने बताया कि छट पर्व पर व्रती गन्ने का मंडप बनाकर विधिविधान से पूजा अर्चना करते है। निर्जला व्रत रखकर कठिन परिश्रम से इस पर्व के विधान को पूरा किया जाता है। अधिकांश इस पर्व को यू.पी,झारखंड,बिहार मे रहने वाले या वहा से आकर बसने वाले लोग मनाते है,परंतु पर्व की महानता एवं शुद्धता देखने के बाद अब धीरे-धीरे एक दर्जन से भी अधिक समाज के लोग छट महापर्व विधि विधान से मनाने लगे है। यहा के किलकिलेश्वर धाम के अलावा पूरन तालाब,पुरानी बस्ती एवं अन्य घाटो मे छट व्रतियों की भीड देखने को मिली।

## स्वीप के तहत मतदान दल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई

**कांकेर, 16 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों का प्रशिक्षण केन्द्र में भाग ले रहे ।

**एक नजर**

## पुलिस, अग्निवीर भर्ती एवं अन्य शासकीय पदों में नियुक्ति के लिए युवाओं को दिया गया मार्गदर्शन



**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जला बलौदाबाजार-भाटापारा का पदभार ग्रहण करने के बाद एक नए सकारात्मक विजन के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा एक समेकित बहुउद्देश्यीय कार्यक्रम फ्रसृजन अभियानफ्र की परिकल्पना की गई। इसके तहत अविनाश ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के मार्गदर्शन में कम उम्र के बच्चों के रचनात्मक अभिरुचि जागृत करना, किशोरवय युवाओं में नशे के विरुद्ध जागृति लाना, युवाओं को कैरियर संबंधी मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान करना एवं सामान्य नागरिकों में भयमुक्त समाज एवं वातावरण का भाव जगाना जैसे महत्वकांक्षी परियोजना प्रारंभ की गई है। इसी क्रम 14 अप्रैल से पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में विभिन्न शासकीय पदों में भर्ती होने की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारी देने एवं मार्गदर्शन हेतु कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार द्वारा उपस्थित युवाओं को आगामी पुलिस भर्ती, अग्निवीर भर्ती एवं शासकीय सेवाओं में भर्ती की तैयारी के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान किया गया। उन्होंने उपस्थित युवाओं को विशेष रूप से पुलिस भर्ती के लिए आवश्यक सभी फिजिकल अहर्ताओं की पूर्ति के लिए निरंतर शारीरिक व्यायाम करने के साथ-साथ इस दौरान आयोजित होने वाले लिखित परीक्षा के लिए भी अपना ध्यान केंद्रित करते हुए लगातार प्रयास करने हेतु आवश्यक सुझाव दिया गया। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने दिनचर्या में दैनिक आवश्यक काम के साथ-साथ इन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी समय निर्धारित करें। भर्ती के लिए अभी जितना समय बचा है, उस पूरे समय का सदुपयोग करते हुए एक-एक सेकंड को कीमती समझे एवं लगातार अभ्यास करते हुए भर्ती प्रक्रिया की हर बारीकियों को सीखने एवं समझने का प्रयास करें, ताकि भर्ती परीक्षा के दौरान आने वाली सभी बाधाओं का आप सभी बहुत ही आसानी पूर्वक सामना कर सके।

### बाबा साहब को डॉ. महंत ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

**कोरबा 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। कोरबा व जांजगीर में डॉ. महंत ने बाबा साहब के छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि बाबा साहब ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्रात्मक देश भारत के संविधान की रचना की। भारतवासियों को समानता का अधिकार दिया। बाबा साहब के बताए रास्तों पर यह देश और देशवासी निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

### महंगाई व बेरोजगारी रोकने बीजेपी के पास कोई ठोस उपाय नहीं:महंत

**कोरबा 16 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जारी चुनावी संकल्प पत्र को छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छलावा से ज्यादा कुछ नहीं करार देते हुए कहा कि इसमें महंगाई से त्रस्त जनता और भीषण बेरोजगारी की मार झेल रहे युवाओं को राहत देने के लिए न तो कोई बात की गई है और न ही कोई उपाय इनके पास है। यह घोषणा पत्र निराशाजनक है जिसमें बीजेपी ने सिर्फऔर सिर्फअपने फायदे के लिए जनता को संकल्प के नाम पर छलावा दिखाकर बरगलाने का काम किया है। किसानों के लिए आज तक एमएसपी लागू नहीं कर पाए। भाजपा की कथनी और करनी में बहुत अंतर है जिसे पिछले 10 साल से जनता देख रही है। 10 साल में केन्द्र की बीजेपी सरकार कुछ खास नहीं कर पाई और अब 2047 के सपने दिखाकर देश का संविधान व लोकतंत्र को मनमाने ढंग से तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश में लगे हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियानः डांडिया कर दिया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश



## बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों ने लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश एवं स्वीप नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के नेतृत्व में लगातार विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज नवरात्र के सातवें दिन जिला मुख्यालय स्थित नगर भवन में स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। इसके साथ ही पलारी में भी स्वीप डांडिया का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम के उत्साहवर्धन के लिए कलेक्टर के एल चौहान एवं सहायक कलेक्टर नम्रता चौबे भी शामिल हुई। उक्त आयोजित डांडिया समारोह में प्रतिभागियों ने डांडिया कर जिले वासियों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सभी प्रतिभागियों ने हाथों में तख्ती एवं पोस्टर के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतों उपयोग करनें संदेश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई। कलेक्टर ने सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा यह लोकतंत्र का उत्सव है जो पांच साल में एक बार आता है. अतः इस ऐतिहासिक उत्सव में हम सब की सहभागिता अनिवार्य है। इस मौके जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जिला खेल अधिकारी प्रीति बंछोर बिजौरा, तहसीलदार राजू पटेल, जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, सीएमओ भोई, साक्षर भारत सोमेश्वर राव सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे। गौरतलब है कि जिले के विभिन्न गांवों एवं शहरों में जिसमें विशेष रूप से 70 प्रतिशत से कम मतदान केंद्रों स्वीप की गतिविधियों को तेज कर दी गई।

**लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024: विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण**

# अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर सतर्कता से कार्य करने के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र जांजगीर -चाम्पा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक पवन कुमार (भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा सेवा) रविवार को बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के लिए बनाए गए लेखा सहित विभिन्न टीमों के प्रभारियों की बैठक लेकर सतर्कता व पारदर्शी ढ़ंग से कार्य संपादित करने के निर्देश दिए।

व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम के प्रभारी व सदस्य आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही सभी रिपोर्ट प्रेषित की जाए।सभी चेक पोस्ट पर बैनर लगी हो। पंजी में वाहनों की जांच तिथि व समय दर्ज हो। उन्होंने सी विजिल एप्प में प्राप्त होने वाले शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के. एल. चौहान ने व्यय प्रेक्षकों को अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज भी उपलब्ध कराई गई है।

बैठक के बाद व्यय प्रेक्षक कुमार ने जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण सेल, एफएसटी, वीएसटी, एमसीएमसी का निरीक्षण कर तैनात कर्मचारियों से ड्यूटी संबधित जानकारी ली। उन्होंने ड्यटी से सम्बंधित दायित्वों की पूरी जानकारी रखने कहा। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री दिप्ती गोते, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर. आर. दुबे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कसडोल भूपेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी - कर्मचारी उपस्थित थे।

## समन्वय से कार्य करने करें: रणविजय कुमार

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए रायपुर लोकसभा क्षेत्र लिए बनाए गए व्यय प्रेक्षक रण विजय कुमार (आई आर एस)ने निर्वाचन के लिए बनाए गए विभिन्न टीमों के प्रभारियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से टीमवर्क व परस्पर समन्वय के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कहा। प्रेक्षक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है और अधिकारी बड़े भाग्यशाली हैं कि वह निर्वाचन की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम के प्रभारी व सदस्य आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही सभी रिपोर्ट प्रेषित की जाए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने व्यय प्रेक्षकों को अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से



संपन्न कराया जाएगा। मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज भी कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी विभिन्न बैठकर आयोजित कर आदर्श आचार संहिता के प्रभावित क्रियान्वयन में सहयोग देने व आयोग के द्वारा जारी विभिन्न दिशा निर्देशों के संबंध में भी अवगत कराकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। बैठक उपरांत व्यय प्रेक्षक कुमार ने उपजिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। जिसमें कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण सेल, एफएसटी, वीएसटी, एमसीएमसी सेल में तैनात कर्मचारियों से मुलाकत कर ड्यूटी संबधित जानकारी ली। इस दौरान कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

**समाचार संक्षेप**

### महावीर जयंती के पूर्व सात दिन तक चौक-चौराहे में जैन समाज के युवा राहगीरों को बांटेंगे शरबत



**बालोद, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बालोद जैन श्री संघ एवं भगवान महावीर जन्मकल्याणक समिति के द्वारा 15 अप्रेल से 21 अप्रेल तक बालोद शहर के प्रमुख चौक चौराहे पर शीतल पेय जल,शरबत,मठा आदि का वितरण राहगीरों के लिए निशुल्क किया जा रहा हैं आज जैन युवा शक्ति के सदस्यों ने बालोद के शहीद वीर नारायण सिंह बस स्टैंड में शरबत वितरण किया इस आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष ताराचंद सांखला ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म जयंती 21 अप्रेल को मनाया जाएगा जिसके पूर्व प्रतिदिन नगर के प्रमुख चौक चैराहो पर भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर शीतल पेय का वितरण राहगीरों के लिए किया जा रहा है इस आयोजन के लाभार्थी परिवार कुशालचन्द अजय विजय पारख परिवार बालोद (लोहारा) की तरफ किया जा रहा है आज के इस आयोजन में समिति के लक्की जैन निशांत नाहर विनोद श्रीश्रीमाल प्रदीप चोरडिया मुकेश भंसाली मांगीलाल ढ़ेलडिया शुभम नाहटा समकित सांखला शुभम श्रीश्रीमाल सम्भव कोठारी विमल विकास रतनबोहरा रजत श्रीश्रीमाल यश सांखला विनीत चोरडिया दिव्य सांखला दर्शन चोरडिया आदि का इस अवसर पर सराहनीय योगदान रहा।

### 84 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 274/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट एवं अपराध क्र. 275/24 धारा 34( ) आबकारी एक्ट के आरोपीगणों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपियों का नाम अश्वनी निराला पिता जगत राम उम्र 24 साल साकिन लवनबन थाना सिटी कोतवाली व पीलाराम भारती पिता मोहर दास उम्र 50 साल साकिन सुढेला थाना सिटी कोतवाली है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 14 अप्रैल को मुखबीर सूचना मिलने पर आरोपी अश्वनी निराला पिता जगत राम निराला से अवैध 80 बल्क लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 16, 000/- रूपये एवं आरोपी पीलाराम भारती पिता मोहर दास से अवैध 04 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब किमती 800/- रूपये को जप्त कर, आरोपीगणों का कृत्य आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपीगणों को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि गांधीराम बंजारे सहित थाना सिटी कोतवाली स्टाफका विशेष योगदान रहा।



# पुलिस ने दो युवकों को 6 किलो गांजा सहित पकड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 16 अप्रैल।** जिला गरियाबंद क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गांजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थो के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा नशे के विरूद्ध पुलिस की एक विशेष अभियान नया सवेरा योजनान्तर्गत नशीली पदार्थो/अवैध गांजा तस्करो पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कम में जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशानिर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डी0एस0पी प्रवीण भारती थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में थाना छुरा के उप निरी0 दिलीप मेश्राम, व अन्य स्टाफ को हमराह लेकर घर पकड की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करने वाले के खिलाफथाना छुरा में अपराध कमांक कमशः 128/2024, धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है, जिसमें दो आरोपी के कब्जे से कुल 06 किलो 80 ग्राम कुल कीमत 60, 800 रूपया का अवैध गांजा एवं एक भूरा रंग का मोसा स्कूटी हीरो कमांक ओडी 26 जी 4634 बरामद किया गया। आरोपी का कृत्य नारकोटिक एक्ट का घटित करने पाया जाने से दोनो आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। अभियान लगातार जारी रहेगा।



उक्त कार्मेरवाई थाना प्रभारी प्रवीण भारती के नेतृत्व में उप निरीक्षक दिलीप मेश्राम, प्रआर. 480 प्यारी साहू, आर0 580 रिजवान कुरैशी, आर0 441 डिगेश्वर, आर0 558 अखिलेश वैष्णव, आर0 77 अरविंद जाटवर, आर0 199 अमित जागडे, आर 250 उदय शंकर पटेल व स्पेशल टीम गरियाबंद की सराहनीय भूमिका रही।

आरोपियों के नाम जगत राम मिरधा पिता मनराखन मिरधा उम्र 37 वर्ष साकिन गिधनीपानी थाना धरमाबांधा जिला नुआपांड़ा उड़िसा व मुकेश निषाद पिता धनीराम निषाद उम्र 20 वर्ष साकिन हरदी थाना छुरा जिला गरियाबंद है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 16 अप्रैल।** अल्ट्राटेक सीमेंट, (बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से एचवी 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को ध्वजा रोहण से किया गया। कार्यक्रम में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के महत्व, उद्देश्य एवं इसके पालन की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक किया गया जो कि 14 अप्रैल 1944 को विक्टोरिया बंदरगाह पर फोर्ट स्टीकेन जहाज में हुए विशाल अग्निकांड में शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से पालन किया जाता है। कार्यक्रम में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में तथा नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अग्नि सेवा एवं संयंत्र की सुरक्षा में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी सुशांता कुमार मोहापात्रा ने सभी कामगारों भाईयो से अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमो के पालन के लिए अनुरोध किया एवं विश्वाश दिलाया कि सुरक्षा विभाग संयंत्र एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले किसी भी अग्नि दुर्घटना का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। अपने उद्बोधन में सौरभ वाजपेई (तकनीकी प्रमुख) ने फायर विभाग के कार्य एवं तैयारियों की सराहना की एवं भविष्य में और भी सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में सुनंदा बासु (वित्त विभाग प्रमुख) उदय शंकर लाल (विभाग प्रमुख श्वक्र एडमिन)श्री आलोक पाठक (विभाग प्रमुख सेफ्टी), अजय चतुर्वेदी, ओंकार नाथ मिश्रा, ब्रजेश पटेल तथा संयंत्र के सभी अधिकारी गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल, खरोरा तहसील खरोरा जिला-रायपुर**

**सूचना पत्र**

जारी दिनांक 10.04.2024

प्रति,
(1) गोपाल अग्रवाल जी
(2) राजीव अग्रवाल जी
(3) अंकित सेतपाल
(4) स्नेहिल गोयल
(5) रोहित वर्मा, कौशिल्या वर्मा
(6) संतु पि. रामरतन यादव
(7) केजा बाई
(8) शैलजा इंटरप्राइजेस

विषय :- आवेदक सचिव, कृषि उपज मंडी समिति नेवरा, निवासी केसला द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम केसला प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. खरोरा तहसील खरोरा ख.नं. 507, 508, 533/1, 533/3, 533/4, 534 रकबा 0.032, 0.170, 6.280, 0.930, 0.405, 0.134 हे. भूमि के सीमांकन/बटांकन के संबंध में सूचना।

आपको सूचित किया जाता है कि उपरोक्त विषयांतर्गत भूमि के सीमांकन जो कि विषयांकित आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय तहसीलदार खरोरा के आदेशानुसार आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 19/4/24 को समय 02.00 बजे पश्चात् मेरे द्वारा रखा गया है।

चूंकि आप सभी उल्लेखित खसरा नंबर के बटांकन धारी/समीपस्थ भूमिस्वामी है इसलिए आपका उपस्थिति सीमांकन/बटांकन स्थल पर होना अनिवार्य है एवं सीमांकन/बटांकन के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो उल्लेखित तिथि को नियत समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। आपकी सूचना उपरान्त अनुपस्थिति में भी सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

मुहर

राजस्व निरीक्षक
खरोरा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 20240409400029
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिकागण 1. श्रीमती अल्का ठाकुर पति स्व. श्री राजेश ठाकुर, 2. श्रीमती श्वेता झा पति अभय 3. आस्था ठाकुर पिता स्व. श्री राजेश ठाकुर सभी निवासी पटेल वार्ड नंबर 16, तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) हालमुकाम 23, द्वारिकापुरी कोटरा सुल्तानाबाद पी एंड टी कालोनी के पास हुजूर भोपाल मध्यप्रदेश पिन कोड 462003 के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदिका क्रमांक 01 के पति स्व. श्री राजेश ठाकुर आ. इंद्रभूषण ठाकुर के नाम पर नजूल शहर डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 6 में भूखण्ड क्रमांक 1343 क्षेत्रफल 2870 वर्गफुट राजस्व अभिलेखों में दर्ज चला आ रही है। आवेदिका क्रमांक 1 के पति एवं आवेदिका क्रमांक 2 एवं 3 के पिता श्री राजेश ठाकुर पिता स्व. श्री इंद्रभूषण ठाकुर की मृत्यु दिनांक 10/06/2023 को भोपाल में हो चुकी है। आवेदिकागण के अलावा श्री राजेश ठाकुर पिता स्व. श्री इन्द्रभूषण ठाकुर का अन्य कोई उत्तराधिकारी जीवित नहीं है अर्थात् आवेदिकागण ही श्री राजेश ठाकुर पिता स्व. श्री इन्द्रभूषण ठाकुर के उत्तराधिकारी है इसके अन्य कोई उत्तराधिकारी जीवित नहीं है। आवेदिकागण द्वारा भूखण्ड क्रमांक 1343 क्षेत्रफल 2870 वर्गफुट राजस्व अभिलेखो से श्री राजेश ठाकुर का नाम खारिज कर आवेदिकागण का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 03/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं, किया जावेगा।

आज दिनाँक 03/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
डोंगरगढ़ (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.......अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक खुबीराम साहू पिता स्व. रामकुमार साहू निवासी ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 1028/29 रकबा 0.0098 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा नक्शा की प्रति की संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 18/04/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 22/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. ...... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक नारायण लाल यादव पिता अमरसिंह यादव निवासी ग्राम सड्डू तहसील तिल्दा कास्तकार ग्राम सिमगा तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदक के नाम पर ग्राम सिमगा प.ह.नं. 15 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नंबर 557/7/8 रकबा 0.0250 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, बी-1, खसरा नक्शा की प्रति की संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 18/04/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 22/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.)**

फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-1262, श्री हेमंत कुमार अग्रवाल पिता स्व.श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्तभवन की सेलडीड/अनुबंध दिनांक 11/11/2010 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री हेमंत कुमार अग्रवाल पिता स्व.श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल** निवासी-हाउस नं.-52/1743/क, लाखे नगर से महादेवघाट रोड, कॉनवेंट विद्यालय के पीछे, अश्वनी नगर, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 04.04.2024 को आवेदन के साथ शपथ पत्र एवं दैनिक समाचार पत्र पत्रिका में दिनांक 30.11.2022 को अपने नाम परिवर्तन के संबंध में आम सूचना प्रकाशन किया गया था, तथा नाम परिवर्तन के संबंध में शपथ पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त दस्तावेजों के आधार पर **हेमंत कुमार अग्रवाल** द्वारा **श्री हेमंत गोयल उर्फ हेमंत कुमार अग्रवाल** के नाम से आवेदन पत्र प्रस्तुत करते हुए उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती सुगन कंवर पति श्री जीवराज सिंह राजपुरोहित** निवासी मकान नं. -54/3138 इन फ्रंट ऑफ कंचन गंगा साइड ऑफ डॉक्टर सामंत, रोहिणी पुरम, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) को **विक्रय** करने के लिये विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है, तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने पर **श्री हेमंत गोयल उर्फ हेमंत कुमार अग्रवाल** के नाम से विक्रय करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय विलेख के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

## एक नजर

### 10 मई तक आएगा 10वीं का रिजल्ट

रायपुर, 16 अप्रैल। छत्तीसगढ़ 10वीं-12वीं बोर्ड की परीक्षाएं खत्म हो गई है और अब छात्रों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए छात्र अब ये जानने के लिए बेकरार हैं कि आखिर रिजल्ट कब आएगा। तो आपको बता दें कि छात्रों का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। जी हां कहा जा रहा है कि 10 मई तक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम जारी किए जा सकते हैं। बता दें कि पिछले दिनों मंडल की चेयरमैन रेणु पिल्ले ने मूल्यांकन केंद्राध्यक्षों से चर्चा कर जानकारी मांगी थी। इसके मुताबिक अनुमान लगाया जा रहा है कि मई में ही नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। ज्ञात हो कि बोर्ड ने कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं की परीक्षाएं क्रमश: 2 से 21 मार्च और 1 से 23 मार्च के बीच आयोजित की जाएगी। पिछले साल, सीजीबीएसई कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 2 से 24 मार्च तक और कक्षा 12वीं की परीक्षा 1 से 31 मार्च तक आयोजित की गई थी और छत्तीसगढ़ बोर्ड का रिजल्ट 10 मई को जारी किए गए थे। वहीं वर्ष 2022 में परीक्षा मार्च में आयोजित की गई थी और रिजल्ट 14 मई को जारी किए गए थे।पिछले साल कक्षा 10वीं में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 75.05 प्रतिशत था। पंजीकृत छात्रों की कुल संख्या 3, 37, 569 थी, जिनमें से 3, 30, 681 परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे। कुल 2, 47, 721 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल छात्रों में से 1, 09, 903 छात्रों ने प्रथम श्रेणी, 1, 19, 901 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी और 17, 914 छात्रों ने तृतीय श्रेणी हासिल की थी. पिछले साल कक्षा 12वीं में कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 79.96 प्रतिशत दर्ज किया गया था। परीक्षा के लिए पंजीकरण करने वाले 3, 28, 121 छात्रों में से 3, 23, 625 छात्र उपस्थित हुए और 2, 58, 500 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी।

### रायपुर जिला प्रशासन को मिला एक और प्रशिक्षु आईएएस

रायपुर 16 अप्रैल। रायपुर ज़िला प्रशासन को एक और प्रशिक्षु आई ए एस मिला है। सुश्री अनुपमा आनंद ने सहायक कलेक्टर के रूप में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को आज अपनी जॉइनिंग दी।ग़ौरतलब है कि मूलत: अल्पपूझा ज़िला, केरला राज्य की रहने वाली सुश्री अनुपमा आनंद वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आई ए एस अधिकारी है। इन्होंने अपनी शैक्षणिक सफ़र एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम, केरल, से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण की है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सुश्री अनुपमा आनंद को पुष्प गुच्छ देकर प्रशासनिक परम्परा का निर्वहन किया। उन्होंने सुश्री अनुपमा को नये कर्तव्य पथ पर पदार्पण करने के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएँ दिया।

### आपसी रंजिश में महिला से मारपीट

रायपुर, 16 अप्रैल। बंजारी नगर केंद्रीय विद्यालय के पास पुरानी रंजिश के चलीते तीन लोगों ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया हर्षिता मानिकपुरी 26 वर्ष बंजारी नगर की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी भागीरथी देवदास, रमेश व बिरित बाई ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफधारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर, 16 अप्रैल। सेक्टर 3 उदिया सोसायटी आमानाका में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आलेख भोई 25 वर्ष सेक्टर 3 उदिया सोसायटी आमानाका का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 07 एएक्स 2321 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# बस्तर में मतदान कराने के लिए हेलीकाप्टर से पोलिंग पार्टी रवाना

## 19 अप्रैल को होगी वोटिंग, तीन दिन पहले मतदान दल को भेजा गया

■ 17 अप्रैल को थम जाएगा चुनावी कोलाहल

■ मुख्य नगर संवाददाता



रायपुर, 16 अप्रैल। बस्तर में प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान के तीन दिन पहले हेलीकाप्टर से मतदान दलों को भेजा जा रहा है। यहां पर चुनाव प्रचार 17 अप्रैल को शाम 4 बजे थम जाएगा। इसके पश्चात प्रत्याशी एवं प्रचारक घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम चरण के तहत कुल मतदान केन्द्रों की संख्या 1961 है। निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र में डाक मत पत्र के माध्यम से मत देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए 16 सुविधा केन्द्र खोले गए हैं। संवेदनशील मतदान केंद्रों की संख्या को देखते हुए 167 केन्द्रों में 1003 व्यक्तियों को हेलीकाप्टर से भेजने की व्यवस्था की गई है। मतदान दलों को तीन दिन पहले ही पहुंचा दिया जाएगा। मतदान के पश्चात दूसरे दिन उन्हें सुरक्षित लाया जाएगा। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर सहित कोण्डागांव में कई संवेदनशील मतदान केंद्र आते हैं। यहां पर मुख्यमंत्री रोड शो कर चुके हैं। जबकि कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी चुनावी सभा को संबोधित कर चुके हैं। बस्तर लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा का मुकाबला भाजपा के महेश कश्यप से है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सभा भी बस्तर में हो चुकी है।

बस्तर लोकसभा सीट के 1,957 मतदान केंद्र में से अतिसंवेदनशील 150 मतदान केंद्रों के लिए तीन दिन पहले हेलीकाप्टर से दलों को भेजा गया। इसमें से करीब 75 दल मंगलवार को भेजा गया, जबकि बाकी 75 दल बुधवार को भेजे जाएंगे। इसके लिए सुबह छह बजे से ही मतदान दलों को बुला लिया गया। सुबह आठ बजे से पोलिंग पार्टी को लेकर वायुसेना के हेलीकाप्टर ने उड़ान भरी। इसके लिए वायुसेना के दस से अधिक हेलीकाप्टर की व्यवस्था की गई है। दूसरी ओर बस्तर में सुरक्षित मतदान कराने का संकल्प लेकर एक लाख से अधिक बल पिछले एक माह से बस्तर में निगरानी कर रहा है। केंद्र से सुरक्षा बल की 350 टुकड़ियां भी बस्तर पहुंच चुकी हैं।

**लखमा-महेश सहित 11 प्रत्याशी मैदान में:** लोकसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा के महेश कश्यप व कांग्रेस के कवासी लखमा सहित सीपीआइ, बहुजन समाज पार्टी व अन्य दल व निर्दलीय को मिलाकर 11 प्रत्याशी 19 अप्रैल को होने वाले चुनावी मुकाबले में होंगे। अभी प्रचार-प्रसार का जोर पकड़ चुका है जो कि 17 अप्रैल को थम जाएगा। मुख्य मुकाबला भाजपा के महेश कश्यप व कांग्रेस के कवासी लखमा के मध्य दिखाई दे रहा है। महेश कश्यप मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ते दिख रहे हैं तो लखमा अपने भरोसे पर।

**पिछले चुनाव में बस्तर में 66.04 प्रतिशत हुआ था मतदान, अब प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद:** पिछले लोकसभा में बस्तर में 66.04 प्रतिशत मतदान हुआ था। इसके बाद से अब तक सुरक्षा बल के प्रयास से बस्तर के अंदरूनी क्षेत्रों तक पहुंच बढ़ी है। निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव को लेकर लगातार जागरूकता अभियान किए जाने के बाद मतदाताओं के मन भी लोकतंत्र पर भरोसा बढ़ा है। इस वजह से चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में भी बस्तर ने रेकार्ड 75.62 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बार भी रेकार्ड मतदान की संभावना है।

### बस्तर में मतदान का समय प्रात: सात से तीन बजे तक

बस्तर लोकसभा क्षेत्र में संवेदनशील मतदान केंद्रों के अलावा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान का समय तय कर दिया गया है। जगदलपुर के 175 मतदान केंद्रों में प्रात: 7 से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। शेष क्षेत्रों में मतदान सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। आयोग के अनुसार यहां पर मतदान 19 अप्रैल को होगा इसलिए चुनावी कोलाहल 17 अप्रैल को अपरान्ह 4 बजे थम जाएगा। मतगणना 4 जून को होगी। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक उपस्थित रहेंगे। आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण यहां पर शराब, नकदी तथा कीमती धातुओं की जब्ती की जा रही है। पुलिस बलों के परिवहन हेतु वाहनों की व्यवस्था की गई है। केंद्र से पुलिस बल मंगाया गया है। सेंट्रल फोर्स यहां पर तैनात होगा। यह फोर्स आज पहुंच जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहब कंगाले जगदलपुर में कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर चुकीं हैं। इसके अलावा यहां पर अनेक अधिकारियों को भी भेजा गया है। जो कि व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। जिला प्रशासन को हरसंभव सहयोग किया जा रहा हे।

### 2019 के मुकाबले 118 नए केंद्र

बस्तर में पिछले पांच वर्ष में सुरक्षा बल के लगभग 200 नए कैंप नक्सलियों के आधार क्षेत्र में स्थापित किए जाने के बाद लगभग 3,000 वर्ग किमी का क्षेत्र नक्सलियों के प्रभाव से सुरक्षा बल ने मुक्त करा लिया गया है। नक्सल प्रभावित 2,700 से अधिक गांव में से लगभग 600 गांव से नक्सलियों को खदेड़ा गया है। 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले इन गांव में 118 नये मतदान केंद्र इस बार खोले गए हैं, जहां दशकों बाद ग्रामीण अपने ही गांव में मतदान करेंगे। इसमें से बीजापुर जिले में पालनार एकमात्र ऐसा गांव हैं, जहां चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव में भी मतदान नहीं हुआ था।

### रायपुर नगर निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिंधित

रायपुर, 16 अप्रैल। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

रामनवमी पर्व दिनांक 17 अप्रेल 2024 बुधवार, महावीर जयंती पर्व दिनांक 21 अप्रेल 2024 रविवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

# लोकसभा चुनाव के तृतीय चरण के लिए नामांकन पत्र भरने का सिलसिला जारी

■ मुख्य नगर संवाददाता

■ तीसरे चरण के लिए मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रायगढ़ से राठिया ने भरा नामांकन पत्र

■ ज्योत्सना महंत के नामांकन में शामिल होंगे अनेक दिग्गज

रायपुर, 16 अप्रैल। लोकसभा के तृतीय चरण में सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग तथा रायपुर में आज भी नामांकन पत्र भरने का सिलसिला जारी है। मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी हृदयराम राठिया ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। कोरबा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत नामांकन भरते वक्त अपने राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करेंगी।

तृतीय चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 19 अप्रैल है। रामनवमीं के अवकाश को देखते हुए यहां पर अधिकांश प्रत्याशी 19 अप्रैल को नामांकन पत्र भरेंगे। कांग्रेस के रायपुर लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय 19 अप्रैल को समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल करेंगे। अंबिकापुर में कांग्रेस की शशि सिंह ने एक सेट दाखिल कर दिया है। जबकि भाजपा




की ओर से चिंतामणि महाराज नामांकन भरेंगे। कोरबा इस समय हाईप्रोफाइल सीट हो गई है। यहां से भाजपा की नेता सरोज पांडेय अधिकृत प्रत्याशी हैं। जबकि उनका मुकाबला कांग्रेस के ज्योत्सना महंत से है। यहां पर ज्योत्सना महंत के पति डॉ. चरणदास महंत की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। नामांकन भरते वक्त प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित अन्य दिग्गज नेता उपस्थित रहेंगे। दुर्ग में भाजपा के विजय बघेल और राजेन्द्र साहू ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। जांजगीर चांपा में भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव प्रचार में सक्रिय हो गए हैं।

कांग्रेस के क्षत्रप अपने ही क्षेत्र में घिरे

कांग्रेस के बड़े नेता कहे जाने वाले भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव व चरणदास महंत अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रचार तक सीमित हो गए हैं। उनको कई चुनावी सभाओं में बुलाया जा रहा है लेकिन उन्होंने आने में असमर्थता जाहिर कर दी है। निकट भविष्य में भाजपा के स्टार प्रचारक एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राजनाथ सिंह, योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभाओं की तैयारी चल रही है। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य नेता चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

# कार्यशाला में पब्लिक स्पीकिंग पर दिया गया जोर



रायपुर, 16 अप्रैल। आज के इस दौर में पब्लिक स्पीकिंग की ज़रूरत हर क्षेत्र में हो चुकी है चाहे किसी को अपना भविष्य रेडियो जॉकी, एंटरप्रेन्योर, पत्रकारिता, कलाकार आदि किसी भी क्षेत्र में जाना हो हर जगह पब्लिक स्पीकिंग की ज़रूरत है। पब्लिक स्पीकिंग को बढ़ावा देने के लिए डिसऑफ़्डी के द्वारा एक वॉर्कशॉप 15 अप्रैल सोमवार दोपहर 12 बजे 2 बजे के बीच रायपुर के मध्य स्थित डीएसआईएफ्डी रायपुर टैगोर नगर में रखा गया था। इस वर्कशॉप में गेस्ट स्पीकर आरजे नमित के द्वारा पब्लिक स्पीकिंग के बारे में जानकारी दी गयी। ये वर्कशॉप सभी वर्ग के लिए बिलकुल फ्री रखा गया था। इस इवेंट को डीएसआईएफ़्डी के दावारा आयोजित किया गया था। जिसके डाइरेक्टर शेखर जैन एंड राजेश बरलोटा हैं।इस इवेंट के इवेंट पार्टनर टीम इवेंट एंड एडवरटाइज़्मेंट थीं। इस इवेंट को इवेंट मैनेजर सरोज साहू अवम् डिसाइफ्ड के स्टूडेंट्स ऋषिका सोनी एंड ग्रुप के द्वारा मैनेज किया गया। इस इवेंट में कई बच्चों ने पार्टिसिपेट किया और पब्लिक स्पीकिंग के बारे में गहरायी से समझा। इस इवेंट में हमारे हेल्थ पार्टनर शंकर हेल्थ केयर रहे। इस तरह इस वर्कशॉप का सफ्लतापूर्वक सामापन हुआ।

# चेम्बर भवन में पहले मतदान फिर दुकान अभियान शुरू

रायपुर, 16 अप्रैल। जिलाधीश गौरव कुमार सिंह जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं असिस्टेंट कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद की उपस्थिति में व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई।



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 19 एवं 26 अप्रेल तथा 7 मई को होने जा रहे लोकसभा चुनाव (चुनाव का पर्व- देश का गर्व) में व्यापारियों की भूमिका सुनिश्चित करने तथा 100 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने जिलाधीश गौरव कुमार सिंह जी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप एवं असिस्टेंट कलेक्टर श्रीमती अनुपमा आनंद की उपस्थिति में आज सोमवार, दिनांक-15 अप्रेल 2024 को चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में निर्वाचन आयोग के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चेंबर के पदाधिकारी, व्यापारिक संघों के प्रमुख एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे। बैठक में चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने कहा कि व्यापारी वर्ग का विकसित सभ्य समाज एवं आर्थिक योगदान के साथ-साथ स्वस्थ शासन की स्थापना में भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है। लोकतंत्र के महापर्व में व्यापारियों की भागीदारी शत-प्रतिशत हो। पारवानी ने कहा कि व्यापारी वर्ग सबसे ज्यादा जागरूक है। चेम्बर द्वारा लोकसभा में अधिक मतदान की जागरूकता हेतु व्यापारिक एसोसियेशनों को एक-एक मुहर (सील) दी गई है जिसे जागरूकता अभियान के अतंर्गत वे अपने- अपने एसोसियेशन में बनवाकर देंगे।

# रामनवमी पर राजधानी में होंगे अनेक कार्यक्रम

■ मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 16 अप्रैल। राजधानी रायपुर में रामनवमीं के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। राममंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा के अलावा भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

राजधानी के विभिन्न राम मंदिरों में हनुमान चालीसा के अलावा अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। इसका मुख्य आयोजन केंद्र रायपुर के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान में होगा। हनुमान महापाठ समिति द्वारा यह आयोजन पिछले 15 वर्षों से किया जा रहा है। रायपुर शहर के कार्यक्रम संयोजक विजय अग्रवाल व राष्ट्रीय सचिव शिवनारायण मूंधड़ा, मोहन पवार, मुकेश शाह और योगी अग्रवाल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष 17 अप्रैल 2024 को देश के अनेक शहरों, नगरों, कस्बों के सार्वजनिक स्थलों, सामुदायिक व सामाजिक भवनों तथा धार्मिक स्थलों में एक ही दिन रामनवमीं पर एक ही समय शाम सात बजे सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का महापाठ होगा। मुख्य आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स मैदान बूढ़ापारा रायपुर में होगा जहां शाम छह बजे से भजनों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की जाएगी। ठीक शाम सात बजे हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ होगा। तत्पश्चात् प्रसिद्ध जीवन प्रबंधन गुरू व आध्यात्मिक वक्ता पंडित विजय शंकर मेहता का हनुमान जी की जीवन भर में की गई आठ छलांगों पर व्याख्यान होगा। इन छलांगों के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए पं. मेहता इससे हमारे जीवन में पड़ने वाले प्रभाव पर अपना व्याख्यान देंगे। फ्रि हनुमान जी की आरती होगी। कार्यक्रम स्थल पर करीब बीस हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। प्रवेश हेतु चार द्वार बनाए जाएंगे। प्रत्येक द्वार पर श्रद्धालुओं को तिलक लगाकर प्रसाद दिया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु मंदिर समितियों, धार्मिक संस्थाओं से संपर्क अभियान चलाया गया।

# सांसद सुनील सोनी बोले- भारत बनेगा विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति

रायपुर, 16 अप्रैल। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता और रायपुर सांसद सुनील सोनी ने कहा है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के अपने जनघोषणा पत्र को मोदी की गारंटी-2024 नाम दिया है, क्योंकि मोदी की गारंटी की सभी वादे केंद्र की सरकार ने पूरे किए है।

आज देश ही नहीं छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ी थी, जिस पर जनता ने विश्वास किया और कांग्रेस की कुशासन वाली भूपेश सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंका। इस बार भी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता केंद्र की मोदी गारंटी पर विश्वास करते हुए यहां छत्तीसगढ़ में डबल इंजन वाली सरकार बनाकर विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी। विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी की अधिकांश वादों को विष्णुदेव सरकार ने पूरा कर दिया है। भाजपा घोषणा पत्र के सभी वादों को पूरा करने का नाम ही मोदी की गारंटी है।

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि सबका साथ-सबका साथ के मूत्र मंत्र के साथ केंद्र की मोदी सरकार 10 साल तक एक नए भारत को गढ़ने का काम किया है। यही वजह रही है कि कोरोनाकाल के आपदा काल और वैश्विक मंदी के बावजूद देश को विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बनाने का



ऐतिहासिक काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। आने वाले 2029 तक देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी अर्थव्यवस्था बनने से कोई नहीं रोक सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर आ चुके हैं।

सांसद सुनील सोनी ने कहा कि पूर्ववर्ती केंद्र की कांग्रेस की सरकारों में भ्रष्टाचार का इस कदर पूरी व्यवस्था में फैला हुआ था कि विकास के लिए राज्य में आने वाले पैसे की लूट मचती थी। यूपीए की सरकार में देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खोखली हो गई थी। लेकिन मोदी की सरकार ने सरकार ने हर वर्ग के लिए बनाई गई जनकाल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता का ऐसा सिस्टम विकसित किया, जिसमें भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं बची है। आज हर योजना के लाभार्थी के खाते में सीधे पैसा जाता है। लेकिन जब यही कांग्रेस की सरकार थी, जनता के पैसे को हड़पने का काम इनके नेता करते थे। पीएम मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर कांग्रेस और इसके इंडी गठबंधन के दल अपने झूठे जनघोषणा पत्र से फ्रि से जनता को झांसे में लेने के लिए कुचक्र रच रहे हैं। लेकिन जनता कांग्रेस और इंडी गठबंधन दलों के झूठे जनघोषणा पत्र को नाकार देगी और मोदी की गारंटी पर विश्वास करते हुए पीएम मोदी को 400 पार सीटों के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। यहां छत्तीसगढ़ में भी भाजपा 11 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

# एमडी ने ली रायपुर स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

रायपुर, 16 अप्रैल। नगर निगम कमिश्नर एवं स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा हेतु अधिकारियों व कार्य एजेंसियों की बैठक ली। बैठक में मिश्रा ने अधिकारियों से कहा है कि नियमित मॉनिटरिंग कर जून से पहले सभी प्रोजेक्ट पूरे करे।



मिश्रा ने अंडरग्राउंड केबलिंग, 24ङ्ग7 परियोजना, शास्त्री बाजार, मटन मार्केट, महाराजबंध, नरैया व खो-खो तालाब में निर्माणाधीन एसटीपी, शहर में समुचित स्ट्रीट लाइट सहित अन्य प्रोजेक्ट की जानकारी लेकर समय सीमा पर निर्माण पूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि तय समय सीमा में सभी कार्यों को पूरा करने के दौरान गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें और आम नागरिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं का पूरा लाभ सुनिश्चित करें। इस दौरान स्मार्ट सिटी के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) पी.के.पंचायती, उप-महाप्रबंधक (वित्त) अमित शर्मा, उप-प्रबंधक संजय अग्रवाल, अमित मिश्रा, असिस्टेंट मैनेजर शुभम तिवारी, नेहा पटेल, योगेंद्र साहू सहित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26